

दैनिक

# पुष्पांजली टुडे

नई सोच नई पहल



वर्ष 03, अंक 242 | ग्वालियर मंगलवार 8 सितम्बर 2020 | pushpanjalitoday@gmail.com | मूल्य 01, रुपए, पृष्ठ 8


मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान का बड़ा ऐलान

## प्रॉपर्टी की खरीद और बिक्री पर अब 3 प्रतिशत की बजाय सिर्फ 1 प्रतिशत सेस

**भोपाल।** मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने सोमवार दोपहर एक बड़ी घोषणा की। नगरीय क्षेत्रों में प्रॉपर्टी की बिक्री और खरीदी पर 2% सेस घटा दिया है। पहले स्टाम्प ड्यूटी पर 3% ली जाती थी, लेकिन अब सिर्फ 1% से लिया जाएगा। इसके बाद अब एक लाख रुपए की प्रॉपर्टी खरीदने या बेचने पर सीधे 2 हजार रुपए तक की बचत होगी। हालांकि इसका लाभ सिर्फ शहरों में ही मिलेगा। शिवराज ने कहा कि कोविड-19 की परिस्थितियों में आर्थिक गतिविधियां समाप्त हो गई थीं। इसके कारण लोगों की आर्थिक स्थिति बिगड़ गई है। हर व्यक्ति का अपने घर का सपना होता है। 2% की छूट के कारण लोग प्रॉपर्टी खरीदी के लिए आकर्षक होंगे। प्रदेश



में रियल स्टेट क्षेत्र में कारोबारी गतिविधियां इससे बढ़ेंगी। यह रियायत 31 दिसंबर 2020 तक लागू रहेगी। इसके अलावा भी अन्य कदमों पर विचार कर रहे हैं। वरिष्ठ जिला पंजीयक भोपाल प्रभाकर चतुर्वेदी ने बताया कि एक लाख रुपए की प्रॉपर्टी की रजिस्ट्री कराने पर 9.5% स्टाम्प शुल्क और 3% फीस लगती है। इससे अभी साढ़े 12 हजार रुपए देना होता है। शिवराज की घोषणा के बाद अब स्टाम्प शुल्क 9.5% से घटकर 7.5 प्रतिशत हो जाएगा। ऐसे में एक लाख लाख रुपए पर सीधे 2 हजार रुपए की बचत होगी। अब यह साढ़े 10 हजार रुपए हो जाएगा। इसका लाभ शहरी इलाकों को मिलेगा। इस तरह समझें फायदा...

### अभी रजिस्ट्री में इस तरह शुल्क लिए जाते हैं

स्टाम्प ड्यूटी : 5 प्रतिशत नपा शुल्क : 3 प्रतिशत जनपद शुल्क : 1 प्रतिशत उपकर शुल्क : 0.5 प्रतिशत पंजीयन शुल्क : 3 प्रतिशत एक साल पहले कमलनाथ सरकार में स्टाम्प शुल्क 2.2 प्रतिशत बढ़ाया गया था। पहले स्टाम्प शुल्क 10.3% था, जो बढ़ाकर 12.5% कर दिया गया था। नई दरें एक जुलाई 2019 से से लागू हो गई थीं।

देश के लक्ष्यों को शिक्षा नीति और व्यवस्था से पूरा किया जा सकता है

## शिक्षा नीति में कम से कम होना चाहिए सरकार का दखल : पीएम मोदी

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री मोदी ने कहा है कि देश के लक्ष्यों को शिक्षा नीति और व्यवस्था के जरिए ही पूरा किया जा सकता है। इसके साथ ही शिक्षा नीति में सरकार का दखल कम होना चाहिए। सोमवार को नई शिक्षा नीति पर आयोजित राज्यपालों की कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने कहा कि नई शिक्षा नीति को तैयार करने में लाखों लोगों से बात की गई, जिनमें छात्र-शिक्षक-अभिभावक सभी शामिल थे। कान्फ्रेंस को राष्ट्रपति ने भी संबोधित किया। प्रधानमंत्री ने कहा कि आज हर किसी को ये नीति अपनी लग रही है, जो सुझाव लोग देखना चाहते थे वो दिख रहे हैं। अब देश में नई शिक्षा नीति को लेकर देश में उसके लागू करने के तरीके पर संवाद हो रहा है, ये इसलिए जरूरी है, क्योंकि इससे 21वें सदी के भारत का निर्माण होना है। पीएम ने कहा, %शिक्षा नीति देश की आकांक्षाओं को पूरा करने का बहुत महत्वपूर्ण माध्यम




होती है। इससे सभी जुड़े होते हैं। शिक्षा नीति में सरकार का दखल और प्रभाव कम से कम होना चाहिए। शिक्षा नीति से शिक्षक, अभिभावक छात्र जितना जुड़े होंगे, उतना ही यह प्रासंगिक होगी। 5 साल से देशभर के लोगों ने अपने सुझाव दिए। ड्राफ्ट पर 2 लाख से अधिक लोगों ने अपने सुझाव दिए थे। सभी ने इसके निर्माण में अपना योगदान दिया है। व्यापक विविधताओं के मंथन से अमृत निकला है, इसलिए हर तरफ इसका स्वागत हो रहा है। पीएम ने कहा, %शिक्षा नीति क्या हो, कैसी हो, उसका मूल क्या हो, इस तरफ देश एक कदम आगे बढ़ा है। शिक्षा व्यवस्था की जिम्मेदारी से केंद्र, राज्य सरकार, स्थानीय निकाय, सभी जुड़े होते हैं लेकिन ये भी सही है कि शिक्षा नीति में सरकार, उसका दखल, उसका प्रभाव, कम से कम होना चाहिए। गांव में कोई शिक्षक हो या फिर बड़े-बड़े शिक्षाविद, सबको राष्ट्रीय शिक्षा नीति, अपनी शिक्षा शिक्षा नीति लग रही है। सभी के मन में एक भावना है कि पहले की शिक्षा नीति में यही सुधार तो मैं होते हुए देखना चाहता था। प्रधानमंत्री ने कहा कि ये एक बहुत बड़ी वजह है। ये पॉलिसी देश के युवाओं को भविष्य की आवश्यकताओं के मुताबिक ज्ञान और कौशल दोनों मोर्चों पर तैयार करेगी।

## 42 लाख के करीब कोरोना संक्रमित, 32 लाख से ज्यादा ठीक हुए

**नई दिल्ली ।** कोरोनावायरस संक्रमण के मामले में हर दिन नया कीर्तिमान बना रहे महाराष्ट्र में रविवार को 1 दिन में सर्वाधिक 23,350 नए केस मिले और पीड़ितों की संख्या बढ़कर 9,07212 हो गई। इस रफ्तार से महाराष्ट्र अगले 5 दिन में रूस को पीछे छोड़ देगा। वैसे प्रतिदिन मिलने वाले संक्रमित मरीजों और मौतों की संख्या में महाराष्ट्र रूस को पीछे छोड़ चुका है। रूस में प्रतिदिन 5 से 6 हजार के बीच कोरोना संक्रमित मरीज मिल रहे हैं। महाराष्ट्र का दुनिया में रूस के बाद पांचवा नंबर है। समूचे भारत में भी नित नए कीर्तिमान के साथ तेज रफ्तार से कोरोनावायरस फैल रहा है। रविवार को रात 10 बजे तक 85,777 नए संक्रमित मिल चुके थे और पीड़ितों की संख्या 41 लाख 96 हजार 616 हो चुकी थी। देर रात यह संख्या 42 लाख को पार हो सकती



है। कोरोनावायरस से ठीक होने वालों की संख्या भी 32 लाख से ऊपर पहुंच गई है। रविवार को 63,503 मरीजों को कोरोना से मुक्ति मिली और ठीक होने वालों की संख्या 32 लाख 41 हजार 203 हो गई। हालांकि अब तक 71,641 लोगों की मौत हो चुकी है। मौतों की बढ़ती संख्या से चिंतित केंद्र सरकार ने राज्यों से आग्रह किया है कि वह कोरोना से होने वाली मौतों की संख्या 1% तक नियंत्रित करें। रविवार को आंध्र प्रदेश में 10,594, तमिलनाडु में 5683, कर्नाटक में 9309, उत्तरप्रदेश में 6518, दिल्ली में 3256, पश्चिम बंगाल में 3087, बिहार में 1797, तेलंगाना में 2574, ओडिशा में 3810, गुजरात में 1335, केरल में 3082, हरियाणा में 2277, मध्यप्रदेश में 1694, पंजाब में 1946, जम्मू और कश्मीर में 1316 नए संक्रमित मरीज मिले।

## क्राइम, करप्शन और कम्यूनलिज्म पर सरकार की जीरो टॉलरेंस की नीतिः नीतीश

**पटना।** जदयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने आज सोमवार को वर्चुअल रैली निश्चय संवाद के माध्यम से विधानसभा चुनाव प्रचार का शंखनाद किया. नीतीश कुमार ने अपने संबोधन में कहा कि हमारी सरकार क्राइम, करप्शन और कम्यूनलिज्म पर शुरू से जीरो टॉलेरेंस की नीति रखती रही है. उन्होंने कहा कि सामूहिक नरसंहार का दौर मुझे याद है. मैं सबको कहूंगा पुराना फोटो निकालकर देखें. उन दिनों में गाड़ी से हथियार लेकर लोग सरेआम निकलते थे. अब क्राइम पर जीरो टालरेंस है. बांका के डीएम का जिक्र करते हुए कहा कि बांका डीएम के द्वारा शुरू कराई गई शिक्षा योजना को पूरे बिहार में लागू कराया. वहीं स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड का भी



उन्होंने जिक्र किया. नीतीश कुमार ने विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा कि पढ़ाई की हालत कैसी थी ये याद रहना चाहिए. उन्होंने कहा कि पहले लोगों को पढ़ाइ से जान बूझकर दूर रखा जाता था. आज हर गांच में स्कूल है. और बच्चे स्कूल जाकर पढ़ाइ कर रहे हैं. उन्होंने पोशाक व साइकिल योजना की भी जिक्र की. नीतीश कुमार ने कहा कि हमने लालटेन का दौर खत्म किया और हर घर बिजली पहुंचाने का काम किया है.

## देश में बने हाइपरसोनिक व्हीकल का सफल परीक्षण

**नई दिल्ली।** भारत ने स्वदेश में विकसित 'हाइपरसोनिक प्रौद्योगिकी निदर्शक यान' (एचएसटीडीवी) का सोमवार को सफल प्रायोगिक



उड़ान परीक्षण किया। इस परीक्षण से से भविष्य में लंबी दूरी तक मार करने वाली मिसाइल प्रणाली और हवाई रक्षा प्रणाली को मजबूती मिलने की उम्मीद है। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। एचएसटीडीवी को रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) ने विकसित किया है जो हाइपरसोनिक प्रणोदन प्रौद्योगिकी पर आधारित है। इस दौरान रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने एचएसटीडीवी की सफल प्रायोगिक उड़ान पर डीआरडीओ को बधाई दी और इसे एक ''महत्वपूर्ण उपलब्धि'' करार दिया।

अपनी ही पार्टी के आईटी सेल पर बरसे बीजेपी नेता स्वामी, बोले-

## फर्जी अकाउंट बनाकर मुझ पर कर रहे हमला

**नई दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी के राज्यसभा सांसद सुब्रमण्यम स्वामी अपनी ही पार्टी की आईटी सेल पर बरस पड़े हैं. सोमवार को सुब्रमण्यम स्वामी की ओर से ट्वीट कर कहा गया कि बीजेपी की आईटी सेल फर्जी अकाउंट बनाकर मुझपर हमला कर रही है, अगर मेरे समर्थक ऐसा शुरू कर दें तो उसके लिए मैं जिम्मेदार नहीं रहूंगा. सुब्रमण्यम स्वामी ने ट्वीट कर लिखा कि बीजेपी की आईटी सेल बेकार हो चुकी है. कुछ मेंबर फर्जी आईडी बनाकर मुझपर हमला कर रहे हैं, अगर मेरे प्रशंसक ऐसा करने पर उतरे तो उसके लिए मैं जिम्मेदार नहीं रहूंगा. जैसे मुझ पर हमला करने के लिए बीजेपी को



जिम्मेदार नहीं ठहराया जा सकता. राज्यसभा सांसद ने इस दौरान बीजेपी आईटी सेल के प्रमुख अमित मालवीय पर निशाना साधा. उन्होंने लिखा कि मैं इसे इग्नोर कर रहा हूं, लेकिन बीजेपी को तुरंत इन्हें निकालना चाहिए. सुब्रमण्यम स्वामी ने लिखा कि एक मालवीय कैरेक्टर ही इस पूरी गंदगी को चला रहा है. हम मर्यादा पुरुषोत्तम राम की पार्टी हैं, रावण या दुशासन की नहीं. गौरतलब है कि सुब्रमण्यम स्वामी ऐसे सांसद हैं जो पार्टी में रहकर भी कुछ ऐसा बयान दे देते हैं, जो कभी पार्टी के लिए मुसीबत बन जाता है. लेकिन इस बार उन्होंने अमित मालवीय के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है. ट्विटर पर कई समर्थकों को जवाब देते हुए स्वामी ने इस बात को कहा कि जेपी नड्डा को तुरंत अमित मालवीय को आईटी सेल प्रमुख के पद से हटाना चाहिए.

सुशांत सिंह राजपूत मामला

## संजय राउत से जुबानी जंग के बीच कंगना रनौत को मिली 'वाई-प्लस' श्रेणी की सुरक्षा



शिवसेना नेता संजय राउत से जुबानी जंग के बीच सुशांत सिंह केस में मुखर रहने वालीं बॉलीवुड अभिनेत्री कंगना रनौत को %वाई-प्लस% श्रेणी की सुरक्षा दी गई है। सूत्रों के मुताबिक, 9 सितंबर को उनके मुंबई दौरे से ठीक पहले केंद्र सरकार ने कंगना को वाई श्रेणी की सुरक्षा पर मुहर लगा दी है। हालांकि, इसकी पुष्टि अब खुद कंगना ने ट्वीट कर कर दी है। अभिनेता सुशांत सिंह राजपूत की मौत के बाद फिल्म उद्योग के एक धड़े में नशीली दवाओं के उपयोग के बारे में बोलने के बाद रनौत को नए सिरे से मिल रही धमकी के मद्देनजर यह फैसला लिया गया है। गृह मंत्रालय के एक अधिकारी ने बताया कि गृह मंत्रालय ने अर्द्धसैनिक बल के माध्यम से रनौत को वाई-प्लस श्रेणी की सुरक्षा उपलब्ध कराने का निर्णय किया है। अधिकारी ने बताया कि वाई-प्लस श्रेणी की सुरक्षा के तहत करीब 10 सशस्त्र कमांडों की तैनाती की जाती है। %वाई-प्लस% श्रेणी की सुरक्षा मिलने के बाद अभिनेत्री ने ट्विटर पर कहा, %ये प्रमाण है की अब किसी देशभक्त आवाज को कोई फासीवादी नहीं कुचल सकेगा, मैं अमित शाह जी की आभारी हूं। वो चाहते तो हालातों के चलते मुझे कुछ दिन बाद मुंबई जाने की सलाह देते मगर उन्होंने भारत की एक बेटी के वचनों का मान रखा, हमारे स्वाभिमान और आत्मसम्मान की लाज रखी, जय हिंद।%

### रिया पर लटकी है गिरफ्तारी की तलवार

**नई दिल्ली।** सुशांत सिंह राजपूत की मौत से जुड़े ड्रग्स कनेक्शन मामले की जांच कर रही नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो एनसीबी लगातार गिरफ्तारी और पूछताछ कर रही है। ने सुशांत सिंह की मौत मामले में मुख्य संदिग्ध रिया चक्रवर्ती से रविवार को करीब छह घंटे तक पूछताछ की। आज फिर यानी एनसीबी ने रिया को बुलाया है और पूछताछ करेगी। माना जा रहा है कि एनसीबी के पास सवालों की लंबी फेहरिस्त है, जिसका जवाब अब तक रिया पूरी तरह से नहीं दे पाई हैं,



यही वजह है कि आज भी उनसे पूछताछ होगी। उधर सीबीआई ने भी कूपर अस्पताल में सुशांत के शव का पोस्टमॉर्टम करने वाले डॉक्टरों से पूछताछ की। सुशांत सिंह राजपूत की मौत के मामले की सीबीआई, एनसीबी और ईडी जांच कर रही हैं। तो चलिए जानते हैं इस मामले से जुड़े सारे अपडेट्स रिया चक्रवर्ती (28) रविवार दोपहर 12 बजे पुलिसकर्मियों के साथ बल्लार्ड एस्टेट स्थित एनसीबी कार्यालय पहुंची और शाम करीब छह बजे वहां से निकलीं।

### कंगना के ऑफिस पर बीएमसी का छापा

**मुंबई।** अभिनेता सुशांत सिंह राजपूत की आत्महत्या के बाद जांच को लेकर उठे सवालों से अभिनेत्री कंगना रानौत और राज्य की सत्ताधारी शिवसेना के बीच बहस और भी तेज हो गई है। एक ओर, जहां केंद्र सरकार ने कंगना को वाय श्रेणी की सुरक्षा प्रदान की है तो दूसरी ओर बंबई महानगर पालिका (बीएमसी) ने सोमवार को उनकी प्रोडक्शन कंपनी मणिकर्णिका फिल्म्स के ऑफिस पर छापा मारा है। कंगना ने खुद इसकी जानकारी सोशल मीडिया के जरिए दी है। कंगना ने लगातार तीन ट्वीट किए और वीडियो भी शेयर किए। पहला ट्वीट- ये मुंबई में मणिकर्णिका फिल्म्स का ऑफिस है, जिसे मैंने 15 साल मेहनत कर के कमाया है। मेरा जिंदगी में एक ही सपना था मैं जब भी फिल्म निर्माता बनूं मेरा अपना खुद का ऑफिस हो।


ग्वालियर से प्रकाशित

दैनिक पुष्पांजली टुडे

राष्ट्रीय मासिक पत्रिका,ऑनलाइन न्यूज़ चैनल,पोर्टल,एंड्रॉयड ऐप

को

सम्पूर्ण भारत में नियुक्त करना है

ब्यूरो चीफ / रिपोर्ट्स

मध्यप्रदेश, उत्तरप्रदेश, छत्तीसगढ़, राजस्थान, हरियाणा, गुजरात, बिहार, झारखंड, उड़ीसा, पंजाब, हिमाचल प्रदेश, आंध्रप्रदेश, अरुणाचल प्रदेश, असम, गोआ, कर्नाटक, केरल

आदि राज्यो के जिला एवं तहसील स्तर पर मनोनीत करना है।

संपर्क करें

कार्यालय : ए ब्लॉक,404 भाऊ साहब पोतनीस एंक्लेव,गोले का मंदिर ग्वालियर मध्यप्रदेश मो. 8269307478,7999246560

Website - www.pushpanjalitoday.com, Email - pushpanjalitoday@gmail.com

## पोषण आहार सप्ताह के समापन पर रैली रा.से.यो. माधव महाविद्यालय, ग्वालियर द्वारा

# संतुलित व पोषण युक्त आहार हमारे जीवन को कई बिमारियों से बचाते हैः डॉ. पाण्डेय




**ग्वालियर।** स्वस्थ शरीर के लिये संतुलित आहार आवश्यक होता है और महिलाओं व बच्चों के विकास में तो अल्पपोषण हमेशा से ही चुनोती है। प्रदेश ओर देश को स्वस्थ बनाने के लिये हमारी जागरूकता अहम भूमिका निभाती है। पोषण आहार सप्ताह के अन्तिम दिन माधव महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा वरिष्ठ कार्यक्रम अधिकारी डॉ. संजय कुमार पाण्डेय राष्ट्रीय सेवा योजना माधव महाविद्यालय के नेतृत्व में कार्यक्रम व रैली का आयोजन किया गया। कोरोना संकट काल में एक नियमित डाईट चार्ट होना चाहिये। डॉ. पाण्डेय ने स्वयं सेवकों से कहा कि संतुलित आहार होना हमारी जीवन की दिनचर्या होनी चाहिये। यदि हमारे जीवन में पोषण व संतुलित आहार नहीं होगा तो हमारे शरीर में खून की कमी, आयरन, विटामिन की कमी होगी। इसको दूर करने के लिये भोजन की थाली में सभी प्रकार की दाले, हरी पत्तेदार सब्जियां, मौसमी फ्ल, गुड, दूध का आहार आवश्यक है। कोवड-19 के समय काड़ा बहुत आवश्यक है दूध में हल्दी मिलाकर पीने से रोग प्रतिरोधकता क्षमता बढ़ती है। रैली माधव महाविद्यालय से प्रारम्भ होकर हनुमान चौराहा, लक्ष्मीगंज होते हुये वापस माधव महाविद्यालय पर समाप्त हुई पोषणहार मानव को स्वस्थ व मजबूत बनाता है कोराना संकटकाल में इम्यूनिटी बढ़ाने के लिये पोषणहार आवश्यक है। हमारे शरीर में 60 प्रतिशत बिमारियां संतुलित पोषण युक्त आहार से स्वतः ही समाप्त हो जाती है। पोषण युक्त भोजन से भविष्य में आने वाली कई बिमारियों से बचा जा सकता हैं।कार्यक्रम में अंकुर चौरसिया, तरूण रोहिरा, यश किरार, पूर्वी मोरगॉवकर, हेमन्त मांझी, नैना गर्ग, प्रियंका किरार, साक्षी गुप्ता, निखिल, योगेश माहौर, अनुरूद्ध, अनुभव दीक्षित आदि लोग उपस्थित थे।

# कोरोना से लड़ने में सबका साथ रहा : मेगवाल



**प्रेस -नारायणलाल सैणचा**

ओलवी ग्राम में विद्यायक ने किया कोरोना योद्धाओ का सम्मान बिलाडा क्षेत्र के ओलवी ग्राम में शिक्षक दिवस पर डॉ.राधाकृष्ण जी के यादगार ओलवी गांव की सीनियर स्कूल मे युवा कांग्रेस के नेता श्यामलाल चाहर के जन्मदिन पर कौरोना कोविड यौद्धाओ का सम्मान समारोह एंव वृक्षारोपण का आयोजन रखा गया , इस मौके पर चाहर ने बताया कि कार्यकम के दौरान समारोह के मुख्य अतिथि बिलाडा के विधायक हिराराम मेघवाल व पूर्व प्रधान कुसुम बिशनोई का स्वागत किया गया और बाद मै स्कूल प्रांगण मे वृक्षारोपण किया गया और सभी कोरोनो कोविड की महामारी मे सराहनीय कार्य करने वाले यौद्धाओ का सम्मान किया गया जिसमे कोरोनो के दौरान वन्यजीवो की सेवा करने के उपलक्ष मे श्याम चाहर को भी आयोजन कर्ताओ द्वारा साफा पहनाकर सम्मान किया गया इन मोके पर बिलाडा विधायक हिराराम मेघवाल , पूर्व प्रधान कुसुम बिशनोई , तहसीलदार नेमाराम मुख्य चिकित्सा अधिकारी बिलाडा , मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी बिलाडा , सरपंच ओलवी अशोक बिशनोई सहित कई जने शिरकत हुए अतिथियो द्वारा वृक्ष लगाकर प्रदेश को हरा भरा रखने व पर्यावरण को बचाने का संकल्प लिया ,, जिसमे कही कोरोनो कोविड मे आम जनता की सेवा देने वाले यौद्धा व ग्रामीणजन उपस्थित थे ।

# सुंदरबनी कृषि उत्पादन विभाग ने किया विभिन्न विभिन्न गांव का दौरा

**सुन्दरबनी।** सुन्दरबनी(रोहित उप्पल) जिला राजौरी के उपजिला सुंदरबनी में संयुक्त निदेशक एग्रीकल्चर बीके चंदन के निर्देशानुसार डॉक्टर अरुण खजूरिया प्लांट हेल्थ क्लिनिक जम्मू और कृषि विभाग सुंदरबनी के अधिकारियों के साथ गांव हथल, देवक, सिया, मकोल का दौरा किया गया। इन इलाकों में जीवाणु संक्रमण के कारण मक्की की फसल बहुत प्रभावित हो चुकी थी इसके चलते कृषि विभाग के डॉक्टरों ने इलेक्ट्रॉनिक गैजेट्स की मदद से किसान के खेतों में मौके के परीक्षण किए जिसमें पाया गया कि कुछ क्षेत्रों में ढंडल सड़ने के जीवाणु संक्रमण के कारण कुछ फसलें अधिक प्रभावित हो गई हैं और इस संक्रमण के कारण खड़ी फसलें बिल्कुल सूख रही है और फसल उत्पादन प्रभावित हो रहा है। डॉ



अरुण ने किसानों को बताते हुए कहा कि ब्लीचिंग पाउडर के घोंल से आगे फसल को संक्रमण होने से बचा जा सकता है उन्होंने बताया कि अगली फसल बोने के समय सूडोमोनास 2 ग्राम प्रति किलोग्राम बीज के साथ करें। डॉ चंद्रमोहन शर्मा ने कहा गगन गोल्ड मक्की की फसल मुख्य रूप से संक्रमण प्रभावित होती है। कृषि विभाग सुंदरबनी के प्लांट डॉक्टर चंद्र मोहन शर्मा ने किसानों को कहा कि किसी भी परेशानी के लिए आप हम से मिल सकते हैं और कृषि विभाग सुंदरबनी आपकी सेवाओं के लिए समय-समय पर आता रहेगा। इस मौके पर गांव देवक, हथल, मकोल, सिया के स्थानीय लोगों ने संयुक्त निदेशक एग्रीकल्चर बीके चंदन का शुक्रिया अदा किया जिन्होंने डॉक्टर अरुण और कृषि विभाग सुंदरबनी के स्थानीय अधिकारियों को प्रभावित फसल की जानकारी लेने के लिए निर्देश दिए। स्थानीय लोगों ने मौके पर गए डॉक्टर अरुण और प्लाट डॉक्टर चंद्र मोहन शर्मा इन के साथ अधिकारियों का तह दिल से शुक्रिया अदा किया।

# चैन्नई के आवडी में ठगी करने वाले गिरोह का भण्डाफोड

**नारायणलाल सैणचा**

तमिलनाडु पौन ब्रोकर्स एंव जवैल्र्स एसोसिएशन संघठन देश प्रदेश में कोरोना माहमारी के चलते बेरोजगारी अपने चरम पर है।जैसी कि विशेषज्ञों ने आशंका जताई थी,उसके अनुरूप, छोटे बड़े शहरों में अपराध का ग्राफ बढ़ रहा है।विकट परिस्थितियों में लोग जीवन व्यापन करने के लिए चोरो,डकैती,ठगी जैसी गतिविधियों में शामिल हो रहे है।इन अपराधियों का निशाना ज्यादातर सर्राफा व्यापारी बनते है एक ताजा घटनाक्रम में चैन्नई



के उपनगरीय क्षेत्रों क्रमशः आवडी और पट्टाभिराम में एक ठगों के गिरोह ने ,जिसमें महिलाएं भी शामिल हैं, ने कम से कम तीन ज्वेलरी की दुकानों में नकली और खोटे आभूषण विनिमय एक्सचेंज कर असली आभूषण खरीद लिए और नौ दो इग्यारा(भाग)हो गई।लेकिन इन ठगों की किस्मत ने उन्हें तब धोखा दे दिया जब उनका पाल पट्टाभिराम की एक ज्वेलरी दुकान में सतर्क दुकानदार से पड़ा, जिन्होंने उनके गंदे और अनैतिक मंसूबों पर पानी फेरते हुए इन्हें पट्टाभिराम पुलिस के हवाले कर दिया चूंकि इस बात का अंदेशा था कि इस गिरोह ने शहर के और भी कई व्यापारियों को अपनी ठगी का शिकार बनाया होगा,पीड़ित व्यापारियों ने तमिलनाडु पौन ब्रोकेर्स एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन के प्रदेशाध्यक्ष स्वामी तेजानंद जी महाराज को इस घटनाक्रम के बारे में जानकारी दी। प्रदेशाध्यक्ष स्वामी तेजानंद जी महाराज ने शनिवार सुबह संघठन के प्रदेश उपाध्यक्ष एम एस आनंद प्रकाश शर्मा, प्रदेश कोषाध्यक्ष श्याम जी भाटी और सहसचिव एम रमेश कुमार जी सेन के साथ आवडी थाने में जाकर थानाधिकारी के . राजकुमार को लिखित ज्ञापन देकर ठगी में शामिल गिरोह के अन्य सदस्यों की शीघ्र धरपकड और संबंधित अपराधी तंत्र का राजफाश करने का अनुरोध किया है। चैन्नई शहर के किसी भी ज्वेलरी दुकानदार को अगर इन महिलाओं ने अपनी ठगी का शिकार बनाया है तो वह तुरंत आवडी थाने पहुंचकर संबंधित अधिकारी को लिखित में शिकायत दर्ज कराएं ताकि इन अपराधियों पर कानून की कठोर धाराओं के तहत कार्यवाही की जा सके। इन ठग महिलाओं की तस्वीर इस विज्ञप्ति के साथ संलग्न है।

# सुंदरबनी पुलिस द्वारा मीनका तबी के किनारे किया गया शव बरामद



**सुंदरबनी।** सुंदरबनी (रोहित उप्पल) उपजिला सुंदरबनी के मीनका गांव में पड़ने वाली तवी नदी बीच से रविवार की सुबह एक मृत व्यक्ति का शव मिला हैं । स्थानीय निवासियों द्वारा सुबह सवेरे किसी कार्य के लिए निकले तो उन्होंने देखा कि किसी व्यक्ति का शव तबी के किनारे पड़ा हुआ है और उन्होंने तुरंत इसकी सूचना पुलिस विभाग सुंदरबनी को दी मौके पर पहुंची पुलिस की टीम ने शव को अपने कब्जे में लेकर के आगे की कार्रवाई शुरू की। मृतक की पहचान केवल उसके शरीर में लगी एक ब्लू शेड टी-शर्ट से की जा रही है कि वह किसी मुस्लिम समुदाय का व्यक्ति हो सकता हैं जिसकी आयु लगभग 45 से 50 वर्ष के बीच में बताई जा रही है पुलिस प्रशासन द्वारा पूरी कार्रवाई करने के बाद शव को जीएमसी राजौरी में स्थानांतरित कर दिया गया । मृतक की पहचान के लिए जीएमसी रजौरी मे मृतक का शव मुर्दाघर में रखा गया है पुलिस सूत्रों के मुताबिक बताया गया है कि मृतक का शव लगभग आज से 5 दिन पहले तवी नदी से बहता हुआ आया है ऐसी संभावना है।

# आकर्षण का केन्द्र बन रहा टिकटौली दूमदार

**जौरा।** मुख्यालय से 20 कि.मी.दूर पहाड़ी जैन अतिशय क्षेत्र टिकटौली दूमदार का है



यहा 100 फीट की ऊंचाई पर झरने से गिर दूध जैसी जलधारा एवं पहाड़ों पर चारों तरफ फैली हरियाली पर्यटको के लिए बरसात के मौसम में आकर्षण का केंद्र बनी हुई है दूरदराज एवं आसपास के क्षेत्र से प्रतिदिन यहां एक हजार के आसपास सैलानी आ रहे हैं 18 वर्ष पूर्व जैन अतिशय क्षेत्र के नाम से विकसित हुए इस स्थल पर एक हजार वर्ष पूर्व 11 वीं शताब्दी की 16 वे तीर्थकर भगवान शांतिनाथ की प्राचीन प्रतिमा भी मंदिर में स्थापित है यहां आने वाले लोग भगवान शांतिनाथ के दर्शनो का लाभ उठाने के साथ-साथ परिवार व मित्र जनों के साथ खाना पीना बनाकर पिकनिक जैसा लुफ्त उठाते हैं मंदिर कमेटी के संरक्षक जेपी जैन के अनुसार वर्ष 2002 में इस मंदिर के जीर्णोद्धार की नीव रख क्षेत्र को विकसित करने का कार्य लगातार किया जाता आ रहा है और आने वाले धर्मावलंबियों के लिए तमाम सुविधाएं एवं बच्चों के शारीरिक व मानसिक विकास के लिए झूले व खेलकूद की सुविधाएं जुटाई जा रही हैं बरसात के दिनों दूधिया जलधारा के रूप में बहने वाला झरना और चारों तरफ हरियाली से घिरे पहाड़ पर्यटकों के लिए कश्मीर की वादियों से कम नजर नहीं आता है।

# पशुपालन विभाग द्वारा कराया गया टीकाकरण एवं ईयर टैगिंग

थाना खेरागढ़ के क्षेत्र गांव लालपुर में पशुपालन विभाग द्वारा एफ एम डी सी पी टीकाकरण एवं ईयर टैगिंग की जा रही है जिसकी जांच करने पशुपालन विभाग की टीम मौके पर पहुंच गई जिसमें डॉ राघवेंद्र यादव ने बताया कि यह टीका खुर पका मुंह पका रोग नियंत्रण हेतु लगाए जा रहे हैं जिससे यह बीमारी पशुओं में ना फैल सके टीम में उपस्थित मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी आगरा डॉ बीएस तोमर एवं डॉ राघवेंद्र यादव पशु चिकित्सा अधिकारी अयेला डॉ पीयूष कुमार पशु चिकित्सा



अधिकारी फजियतपुरा मानसिंह पशुधन प्रसार अधिकारी दिगरौता कमल सिंह पेरावेट ग्राम पंचायत पाय सितोली मानवेंद्र परमार वैक्सीनेटर एल एस ऐ जितेंद्र सिंह हेल्पर तेजपाल वैक्सीनेटर एल एस ऐ हेमंत चौधरी आदि लोग टीम में उपस्थित रहे।

## राष्ट्रीय नमो संघ महिला इकाई टीम ने उपचुनाव के लिए कसी कमर

# उपचुनाव में राष्ट्रीय नमो संघ की टीम पूर्व कमलनाथ सरकार की जन विरोधी नीतियों को जन-जन तक पहुंचाएगी : पूनम पांडे

**भिंड।** राष्ट्रीय नमो संघ की राष्ट्रीय महासचिव एवं मध्य प्रदेश महिला इकाई की प्रभारी श्रीमती पूनम पांडे ने कहा कि राष्ट्रीय नमो संघ की टीम मत आगामी दिनों में मध्य प्रदेश के 27 विधानसभा सीटों पर होने जा रहे उपचुनाव में सर्व समाज के बीच 15 माह की पूर्व कांग्रेस सरकार का नेतृत्व कर चुके कमलनाथ की जनविरोधी विरोधियों नीतियों को पहुंचाएगी जिसके लिए शीघ्र ही मध्यप्रदेश के प्रवास पर मैं आऊंगी जहां उपचुनाव हो रहे हैं वहां राष्ट्रीय की टीम के कार्यकर्ता घर घर जाकर जनसंपर्क के माध्यम से उजागर करेंगे । राष्ट्रीय नमो संघ मध्य प्रदेश इकाई की प्रभारी एवं महासचिव श्रीमती पांडे ने कहा कि मध्यप्रदेश में शिवराज सिंह सरकार को मजबूत करने के लिए सर्व समाज के मतदाताओं को भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी के समर्थन में मतदान करने की अपील भी हमारे पदाधिकारी कराएंगे और उन्होंने कहा



किस देश और प्रदेश के विकास के लिए भारतीय जनता पार्टी का नेतृत्व ही हम सब के लिए आगे बढ़ा सकता है जिसने महिलाओं को सर्वप्रथम आरक्षण देकर लोकसभा विधानसभा पंचायत एवं नगरी निकाय संस्थाओं में सर्व समाज की बहनों को नेतृत्व करने का भी हमें अवसर प्रदान किया है वह एक ही राजनीतिक दल है वह है भाजपा जो व्यक्ति नहीं विचार के साथ आगे बढ़ती है। श्रीमती पांडे ने कहा कि मध्य प्रदेश मैं 2018 के विधानसभा चुनाव में पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी कमलनाथ दिग्विजय सिंह जैसे झूठे नेताओं ने 200000 तक का किसानों के सभी कर्जा माफ करने के लिए कहा था बेरोजगारों को ?4000 प्रतिमाह देने का वचन दिया था मध्य प्रदेश की कानून व्यवस्था ठीक करने के लिए कहा था मुख्यमंत्री कन्यादान योजना के तहत ?51000 बेटियों के खाते में पहुंचाने के लिए वचन दिया था वृद्धा पेंशन के लिए ?1000 देने का वचन दिया था कांग्रेस ने कांग्रेसी अपने वचन पत्र के आधार पर एक भी काम पूरा नहीं किया श्रीमंत ज्योतिरादित्य सिंधिया जी का और उनके समर्थक विधायकों का अपमान करते हुए उन को प्रताड़ित करने का काम किया ऐसी कई जनविरोधी नीतियां हैं जिससे झूठ बोलकर कहां गणेश ने सरकार बनाई थी। श्रीमती पांडे ने कहा यह उपचुनाव मध्य प्रदेश के विकास को तय करेगा। श्रीमंत ज्योतिरादित्य सिंधिया जी ने अपने 22 विधायकों के साथ भारतीय जनता पार्टी में शामिल होकर शिवराज सिंह चौहान के नेतृत्व में सरकार बनाई और जिससे 100 दिन में मध्य प्रदेश आज विकास की ओर आगे बढ़ा और भारतीय जनता पार्टी ने पूर्व सम्मान दिया कांग्रेश कि हमेशा झूठ बोलने की राजनीति रही है अब झूठ उनका चलने वाला नहीं है। मध्य प्रदेश की जनता यह समझती है कि कौन हमारा है और कौन ही हमारी चिंता कर सकता है शिवराज सिंह चौहान किसान के पुत्र हैं। किसान के दर्द को समझते हैं और किसानों के लिए ही उन्होंने तमाम सारी योजनाओं को संचालित कर उनके हृदय पर राज करने का काम किया है। हम सब राष्ट्रीय नमो संघ के कार्यकर्ता प्राण प्रण से भाजपा प्रत्याशियों के समर्थन में प्रत्येक पोलिंग केंद्रों पर उतरेंगे और भाजपा को विजई बनाने के लिए काम करेंगे।

राष्ट्रीय नमो संघ की टीम में महिला इकाई की प्रदेश अध्यक्ष श्रीमती पुष्पा पटेल मनीषा पांडे सुनीता शर्मा उषा पांडे अनीता मिश्रा संध्या चौहान और कौन है रंजना सपना चौहान सरोज कविता ज्योति बोहरे रानी द्विवेदी शिल्पा रानी सरोज पवैया मोहनी रिंकू सिमरन जानकी संध्या दुबे अनूप पुर अभी संध्या चौहान आदि प्रमुख हैं।

**अजय कुमार शर्मा**

**गौण खनिज नियम तथा जिला खनिज प्रतिष्ठान नियम में प्रस्तावित संशोधनों पर हुआ प्रस्तुतीकरण**

# खदानों में 75 प्रतिशत रोजगार प्रदेश के मूल निवासियों को देना होगा - मुख्यमंत्री चौहान




**भोपाल।** मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि गौण खनिज खदानों के लीज धारकों को 75 प्रतिशत रोजगार प्रदेश के मूल निवासियों को देना होगा। दागी अधिकारियों को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा, भ्रष्ट अधिकारियों को तत्काल सेवा से पृथक किया जाए। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि खनिज से संबंधित समस्त प्रक्रियाओं को पारदर्शी बनाते हुए ऑनलाइन व्यवस्था सुदृढ़ की जाए। प्रदेश में उपलब्ध मुख्य खनिज तथा गौण खनिज, रायल्टी का बड़ा स्रोत है। उत्खनित खनिज की शत-प्रतिशत रायल्टी राज्य को प्राप्त हो, इसके लिए हमें हरसंभव प्रयास करना होंगे। राज्य शासन खनिज संसाधनों की सुरक्षा व प्रबंधन के लिए पृथक बल बनाने पर भी विचार कर सकती है। मुख्यमंत्री श्री चौहान मंत्रालय में गौण खनिज नियम तथा जिला खनिज प्रतिष्ठान नियम में प्रस्तावित संशोधनों पर विचार-विमर्श कर रहे थे। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि रेत रायल्टी का बड़ा स्रोत है। इससे जुड़ी अवैध गतिविधियों के कारण जो रायल्टी राज्य सरकार को प्राप्त नहीं हो रही है, उसे राज्य निधि में लाने के लिए वैधानिक विकल्प विकसित कर उनका क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाना आवश्यक है। अवैध रेत खदानों को वैधानिक प्रक्रिया में लाया जाएगा। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि जिन जिलों के खनिज प्रतिष्ठान में अधिक राशि आती है उसका सार्थक उपयोग सुनिश्चित करने के लिए राज्य स्तर से गाइडलाइन तथा प्राथमिकताएं निर्धारित करना आवश्यक है। बैठक में जिला खनिज प्रतिष्ठान की वार्षिक प्राप्तियों और उनके उपयोग पर विचार-विमर्श हुआ। जिला खनिज प्रतिष्ठान के वार्षिक कार्य की योजनाओं का अनुमोदन राज्य स्तर से कराने, राज्य खनिज निधि में जिला खनिज प्रतिष्ठान से अंतरित की जाने वाली राशि को बढ़ाने तथा राज्य निधि में एकत्रित राशि से किए जाने वाले विकास कार्यों के अनुमोदन तथा पर्यवेक्षण के लिए समिति गठित करने के प्रस्ताव पर चर्चा हुई। जिला निधि में जिला कलेक्टर तथा प्रभारी मंत्री के अधिकार और राज्य निधि के प्रबंधन के संबंध में भी विचार-विमर्श हुआ। बैठक में 31 मुख्य खनिजों को गौण खनिज में शामिल करने, ग्रेनाइट, मार्बल, फर्शी-पत्थर के वेस्ट केनिराकरण, शासकीय भूमि पर फर्शी पत्थर व पत्थर की खदानों को नीलामी के स्थान पर लीज से आवंटित करने, लीज स्वीकृति की शक्तियों के निर्धारण और गौण खनिज की रॉयल्टी दर के पुनरीक्षण पर भी चर्चा हुई। नदी की रेत के विकल्प एम-सैंड (निर्मित रेत) की रॉयल्टी दर पर भी चर्चा हुई। उल्लेखनीय है कि इसे नवीन गौण खनिज के रूप में शामिल किया जा रहा है। यह लोक निर्माण विभाग के एस.ओ.आर. में भी शामिल है। बैठक में मुख्य सचिव श्री इकबाल सिंह बैंस, खनिज साधन मंत्री श्री बृजेन्द्र प्रताप सिंह, सचिव खनिज साधन श्री सुखवीर सिंह तथा अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

# 2 प्रतिशत की छूट से लोग आसानी से अपना मकान खरीद सकेंगे : मुख्यमंत्री चौहान

**नगरीय क्षेत्रों में प्रापर्टी की खरीदी-बिक्री पर स्टाम्प ड्यूटी में अब सिर्फ 1 प्रतिशत सेस**

**भोपाल।** मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने प्रदेश के नगरीय क्षेत्रों में प्रापर्टी की खरीदी-बिक्री पर स्टाम्प ड्यूटी में कमी करने का निर्णय लिया है। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने आज मंत्रालय में जानकारी दी कि कोविड-19 की वजह से व्यापक पैमाने पर आर्थिक गतिविधियाँ प्रभावित हुई हैं। रियल स्टेट सेक्टर पर भी इसका बड़ा प्रभाव पड़ा जिसके फलस्वरूप प्रापर्टी खरीदने, बेचने के इच्छुक नागरिक भी विपरीत स्थितियों का सामना कर रहे हैं। राज्य सरकार ने प्रापर्टी की खरीदी-बिक्री पर स्टाम्प ड्यूटी पर 3 प्रतिशत के स्थान पर अब 1 प्रतिशत सेस का निर्णय लिया है। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि हर व्यक्ति का, परिवार का एक सपना होता है कि उसका अपना एक घर हो, जहां वो अपने परिवार के साथ सुख से रह सके। कोरोना काल में आर्थिक गतिविधियाँ लॉकडाउन के वजह से लगभग समाप्त हो गई थीं। रियल स्टेट व्यवसाय पर भी इससे विपरीत प्रभाव पड़ा था। लोगों की वित्तीय क्षमताएं सीमित हो जाने के कारण संपत्तियों का क्रय-विक्रय भी प्रभावित हुआ है। अब यह आवश्यक हो गया है कि आर्थिक गतिविधियाँ बढ़ें और रियल स्टेट क्षेत्र में भी कैसे बूम आए, इसकी चिंता करनी होगी। इसके लिए हरसंभव प्रयास किए जाएंगे। इसी को दृष्टिगत रखते हुए नगरीय क्षेत्रों में प्रापर्टी की खरीदी ब्रिकी पर स्टाम्प ड्यूटी में 2 प्रतिशत की छूट सेस में मिलेगी। अभी यह छूट 31 दिसम्बर 2020 तक लागू रहेगी। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने विश्वास व्यक्त किया कि इस निर्णय से लोग अपना मकान आसानी खरीद सकेंगे, कारोबार में तेजी आएगी और रियल स्टेट में कामकाज को गति मिलेगी। इसी सिलसिले में अन्य आवश्यक कदम भी उठाए जाएंगे।

# हेल्थ एवं वेलनेस सेन्टर को विकसित करने दान-दाताओं का ले सकेंगे सहयोग




**आयुष राज्य मंत्री कावरे ने दिये आवश्यक दिशा-निर्देश**

**भोपाल।** आयुष राज्य मंत्री श्री रामकिशोर कावरे ने कहा है कि %होम्योपैथी और यूनानी विधाओं के जरिये रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने विषय पर जल्द ही वेबिनार आयोजित किया जाये। उन्होंने कहा है कि आयुर्वेद की तरह होम्योपैथी और यूनानी पद्धति को अपनाने एवं उसे बढ़ावा देने की दिशा में प्रयास किये जायेंगे। श्री कावरे सोमवार को मंत्रालय से वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिये सभी आयुष अधिकारियों के साथ चर्चा कर रहे थे। राज्य मंत्री श्री कावरे ने कहा कि आयुष स्वास्थ्य एवं कल्याण केन्द्र (हेल्थ एण्ड वेलनेस सेन्टर-एच.डब्ल्यू.सी.)विकसित करने के लिये गाइड-लाइन तैयार की गई है। गाइड-लाइन में दिये दिशा-निर्देशों का पालन करते हुए सुव्यवस्थित एवं सुसज्जित केन्द्र विकसित किया जाये। उन्होंने कहा कि ग्राम पंचायत के लोगों को औषधालय के विकास के लिये प्रेरित किया जाये, स्थानीय लोग स्वैच्छा से अपने या अपने परिवार के सदस्य या उनके पूर्वजों के नाम पर बाउण्ड्री-वॉल आदि के निर्माण करा सकते हैं श्री कावरे ने उपयुक्त स्थान चुनकर योग के लिये व्यवस्था करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि औषधालय क्षेत्र के लिये स्थानीय योग प्रशिक्षक की जानकारी सभी जिला अधिकारी संचालनालय को भेजें। हर्बल गार्डन की स्थापना के लिये पौधे की नाम-पट्टिका सहित स्थानीय भाषा में प्रदर्शन किया जाये। औषधीय पौधे घर पर भी लगाकर लोगों और मेहमानों को उसकी विशेषताओं से अवगत करवायें। उन्होंने कहा कि प्रतीक्षा-कक्ष में भी इन औषधीय पौधों की जानकारी दीवार-पेंटिंग आदि से दी जाये, जिससे ग्रामीण औषधीय पौधों की जानकारी के साथ उसकी उपयोगिता भी जान सकें। राज्य मंत्री ने कहा कि कोरोना महामारी में आयुष विभाग ने ईमानदारी से काम कर अपनी एक अलग पहचान बनाई है। लोग आयुर्वेद के लाभ से परिचित होकर उसे अपनाने लगे हैं। श्री कावरे ने आयुष चिकित्सकों को पंचकर्म करने के लिये प्रेरित किया। राज्य मंत्री श्री कावरे ने शुरूआत में आयुष विभाग द्वारा बनाई गई स्वास्थ्य संवर्धन हेतु आयुष निर्देश की मार्गदर्शी पुस्तिका का विमोचन किया। इस मौके पर सचिव डॉ. एम.के. अग्रवाल उपस्थित थे। यह पुस्तिका आशा कार्यकर्ताओं को उपलब्ध कराई जायेगी। इस मार्गदर्शी पुस्तिका में आयुष के जरिये रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने और रोगों को काबू करने में आयुर्वेद, होम्योपैथी और यूनानी दवाओं के कारगर उपाय शामिल हैं।

# शोध का फायदा गाँव तक पहुँचे प्रौद्योगिकी मंत्री :सखलेचा



**भोपाल।** विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्री श्री ओमप्रकाश सखलेचा ने शोध का फायदा गांव- गांव तक पहुंचाने के लिए वैज्ञानिक अकादमिक, उद्योगपतियों और सरकार को साथ मिलकर प्रयास करने की जरूरत बताई है। मंत्री श्री सखलेचा सोमवार को सी.एस.आई.आर का निरीक्षण करने के बाद वीडियो कान्फ्रेंसिंग के द्वारा सी.एस.आई.आर और ए.एम.पी.आर.आई के वैज्ञानिकों से चर्चा कर रहे थे। इस अवसर पर डायरेक्टर श्री अवनीश श्रीवास्तव, प्रिंसपल श्री जे.पी. शुक्ला और श्री एस.के.एस. राठौर भी उपस्थित थे। मंत्री श्री सखलेचा ने कहा कि यह संस्थान पिछले 40 वर्षों से देश एवं विज्ञान के विकास में काफी योगदान दे रहा है चाहे वह ग्रामीण विकास हो या औद्योगिक विकास। साथ ही आज की भयावह पर्यावरणीय समस्याओं के निदान में भी यह संस्थान विशिष्ट योगदान दे रहा है। उन्होंने कहा कि मानव संसाधन विकास में भी राष्ट्र के साथ-साथ विशेष रूप से प्रदेश के विद्यार्थियों, श्रमिकों एवं सामान्य जन को कौशल उन्नयन हेतु प्रशिक्षण दिया जा रहा है एवं विद्यार्थियों में विज्ञान के प्रति अभिरुचि बढ़ाने में उल्लेखनीय योगदान दे रहा है। कोविड-19 के निदान के लिए भी संस्थान ने सार्थक प्रयास किये हैं। मैं इन सारे प्रयासों के लिए इस संस्थान के वैज्ञानिकों, अधिकारियों एवं कर्मचारियों को धन्यवाद देता हूँ। प्रौद्योगिकी मंत्री श्री सखलेचा ने कहा कि संस्थान ने विगत एक वर्ष में 5 से अधिक प्रौद्योगिकियाँ विकसित कर मध्य प्रदेश स्थित औद्योगिक संस्थाओं को हस्तानांतरित की है तथा स्टार्टअप्स को भी सहयोग प्रदान किया है, इससे प्रदेश के विकास में सहयोग मिलेगा। संस्थान ने मध्यप्रदेश के मानव संसाधन विकास में भी पीएच.डी. छात्रों को मार्गदर्शन दे कर, कौशल उन्नयन के द्वारा 700 से ज्यादा लोगों को प्रशिक्षण दिया है।

# भावसे के 12 अधिकारियों की नवीन पदस्थापना

**भोपाल।** राज्य शासन द्वारा प्रशासकीय आधार पर भारतीय वन सेवा के निम्नांकित अधिकारियों को स्थानांतरित कर नवनी पदस्थापना पर अस्थाई रुप से आगामी आदेश तक तत्काल प्रभाव से पदस्थ किया गया है- श्रीमती राखी नंदा को उप वन संरक्षक मध्यप्रदेश राज्य वन विकास निगम, सीधी (प्रतिनियुक्ति पर) से वनमण्डल अधिकारी, नौरादेही (वन्य प्राणी) व.म. सागर, लालजी मिश्रा को उप वन संरक्षक, रेंजर कॉलेज बालाघाट से वन मण्डलाधिकारी, होशंगाबाद (सा.) वनमण्डल, अजय कुमार पाण्डे को वनमण्डलाधिकारी, होशंगाबाद(सा.) वनमण्डल से वनमण्डलाधिकारी, हरदा( उत्पादन) वनमण्डल, कमल अरोरा को वन मण्डलाधिकारी, उत्तर सागर(सा.) वनमण्डल से वनमण्डलाधिकारी, पश्चिम मण्डला (सा.) वनमण्डल, प्रशान्त कुमार सिंह को वन मण्डल अधिकारी, उत्तर सागर(सा.) वनमण्डल सागर से उप वन संरक्षक कार्यालय प्रधान मुख्य वन संरक्षक एवं वन बल प्रमुख, म.प्र. भोपाल, श्रीमती सासु कनौजिया को वनमण्डलाधिकारी, रतलाम (सा.) वनमण्डल से उप वन संरक्षक, कार्यालय प्रधान मुख्य वन संरक्षक एव वन बल प्रमुख, म.प्र., सुश्री संध्या को उप वन संरक्षक, कार्यालय प्रधान मुख्य वन संरक्षक एवं वन बल प्रमुख, म.प्र. भोपाल, से वनमण्डल अधिकारी, अलीराजपुर (सा.) वनमण्डल, डी.एस होडसे को वन मण्डल अधिकारी, अलीराजपुर( सा.) वनमण्डल से वन मण्डल अधिकारी, रतलाम (सा.) वनमण्डल, नवीन गर्ग को वन मण्डल अधिकारी, नौरादेही (वन्य प्राणी) वनमण्डल सागर से वनमण्डलाधिकारी, दक्षिण सागर(सा.) वनमण्डल, नरेन्द्र पण्डया को प्रशिक्षु उप वनमण्डलाधिकारी सारणी (सा.) उत्तर बैतूल(सा) वनमण्डल से प्रभारी वनमण्डलाधिकारी, उज्जैन सा. वनमण्डल, पुनीत सोनकर को प्रशिक्षु उप वनमण्डलाधिकारी, डिण्डौरी( सा.) डिण्डोरी(सा.) वनमण्डल से प्रभारी वनमण्डलाधिकारी, पूर्व मण्डला (सा.) वनमण्डल, वेनी प्रसाद दोतालिया को प्रशिक्षु उप वनमण्डलाधिकारी, पश्चिम कटनी(सा.) कटनी(सा) वनमण्डल से प्रभारी वनमण्डल अधिकारी, उत्तर सागर (सा) वनमण्डल पदस्थ किया गया है।

हरि प्रसाद पाल / 07 सितम्बर, 2020

# पिछड़ा वर्ग के लोगों के सामाजिक उत्थान में लगे व्यक्तियों को प्रोत्साहन मिले



**पिछड़ा वर्ग कल्याण राज्य मंत्री पटेल की अध्यक्षता में ज्यूरी की बैठक**

**भोपाल।** पिछड़ा वर्ग कल्याण राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री रामखेलावन पटेल ने कहा है कि राज्य शासन की मंशा है कि पिछड़ा वर्ग के लोगों के सामाजिक एवं शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले व्यक्तियों को प्रोत्साहित किया जाये। इनके प्रोत्साहन के लिये राज्य सरकार ने पुरस्कार भी घोषित किये हैं। उन्होंने कहा कि यह पुरस्कार प्रतिवर्ष चयनित व्यक्तियों को समय पर मिले, विभाग को इस दिशा में प्रभावी प्रयास करना चाहिये। राज्य मंत्री श्री पटेल आज मंत्रालय में वर्ष 2017-18 के लिये गठित ज्यूरी को संबोधित कर रहे थे। ज्यूरी द्वारा श्री रामजी महाजन पिछड़ा वर्ग सेवा राज्य पुरस्कार, महात्मा ज्योतिबा फुले एवं सावित्रीबाई फुले पुरस्कार के नामांकितों पर चर्चा की गई। ज्यूरी की बैठक में सदस्य विधायक श्री रामलल्लू वैश्य और विधायक श्री राकेश गिरी भी मौजूद थे। बैठक में सचिव पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक कल्याण श्री एम.के. अग्रवाल ने बताया कि विभाग द्वारा दिया जाने वाला स्व. रामजी महाजन स्मृति पुरस्कार पिछड़े वर्ग के उत्थान एवं विकास के लिये उत्कृष्ट कार्य करने वाले 16 समाज-सेवियों को दिया जाता है। इनमें 8 पुरुष और 8 महिलाएँ होती हैं। महात्मा ज्योतिबा फुले पिछड़ा वर्ग सेवा राज्य पुरस्कार प्रदेश के एक पुरुष समाज-सेवी को दिया जाता है, जिसके द्वारा पिछड़े वर्गों में व्याप्त सामाजिक कुरीतियों, अंधविश्वास को दूर करने, सामाजिक समरसता एवं समाजिक संगठन को सुदृढ़ करने के लिये कार्य किया हो। सावित्रीबाई फुले पिछड़ा वर्ग सेवा राज्य पुरस्कार प्रदेश की एक ऐसी महिला समाज-सेवी को दिया जाता है, जिसके द्वारा पिछड़े वर्ग की शिक्षा एवं महिलाओं की स्थिति के उत्थान के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य किया हो। ज्यूरी के सदस्यों ने दिये जाने वाले पुरस्कार के संबंध में अपने विचार रखे।

## वनिता

जो सोया है अन्धकार में
जागेगा नवल प्रभात

उठ-उठकर देखेगा किरणें
सूर्योदय सम होगा ललाट

रजत-चाँदनी में स्वप्न को
नित पुष्पित कर देखेगा



नारी सम्मोहन छोंड़ कवि
अब प्रगतिवाद में चमकेगा

बहुत हुआ प्रज्ञा! अब जीवन
किसलय सम पुष्पित होगा

तेरे अन्तस में सुन्दरतम्
उच्छवास होगा

तेरे मन-मण्डप में दुल्हन
सरिस सजेगी कविता

पाकर तेरे भाव सौष्ठव
बन बैठेगी वनिता।%

**रचनाकार–**
**प्रज्ञा शुक्ला**
**सीतापुर,उत्तर प्रदेश**

## ग़ज़ल

तुम्हारे रूठ जाने पर , मनाना जानता होगा।
वही सच में मुहब्बत को , निभाना जानता होगा।

बदलती जा रही है यूँ , मुहब्बत की भी परिभाषा-
पता कैसे करोगी तुम , छुपाना जानता होगा।



उठाए जो तुम्हारे ग़म , जताए प्यार जो हरदम-
नमी आँखों की तेरी , वो मिटाना जानता होगा।

कभी जो आँच आ जाए , तुम्हारी जिन्दगानी पे-
जहां को तेरे कदमों में , झुकाना जानता होगा।

कहा माने हमेशा जो , तुम्हारे इक इशारे पर-
रुलाना तुम न उसको , जो हँसाना जानता होगा।

**शैलेश प्रजापति शैल**
**जमालपुर**
**मुंगेर ( बिहार )**

## गीत

(जिसे मैं तो चाहता हूँ ,वह किसी और को चाहती)

जिसे मैं तो चाहता हूँ,वह किसी और को चाहती
जब मैं नजरें मिलता हूँ,वह मुझे कुछ नहीं कहती
उनकी पायल की रुनझुन मेरे दिल में लग गया
मेरी आंखों में उनकी रूप आकर तो खिल गया



जिसे मैं तो चाहता हूँ,वह किसी और को चाहती।

घर जाने के बाद उनकी ही तस्वीर दिखायी देती
रातें भर ख्वाबों में पायल की रुनझुन सुनायी देती
उम्र मेरी तो16साल है उनकी उम्र मुझे पता नहीं है
मोहब्बत तो मैं किया था उनका कोई खता नहीं है
जिसे मैं तो चाहता हूँ ,वह किसी और को चाहती।

उनकी मोहब्बत,शोहरत में मैंने पागलपन हो गया
खान- पान छोड़ कर तो मैंने दीवानापन हो गया
मुझे भी चाहने वाले हैं पर कहीं दिल नहीं लगता है
मुझे बुलाने वाले होते हैं पर कहीं दिल नहीं लगता
जिसे मैं तो चाहता हूँ,वह किसी और को चाहती।

कविता के द्वारा बताता हूं सनम तेरी हर बातें
सुहब - शाम आती है सनम तेरी हमेशा हर यादें
जिसे मैं तो चाहता हूँ ,वह किसी और को चाहती।

**कुमार ÷अँचल÷**
**अररिया,बिहार**
**7488139688**

## है श्रृंगार हिंदी भाषा

जग से न्यारी सखी दुलारी, सरल, मीठी, हिंदी भाषा,
भूत, वर्तमान, भविष्य के, समय की पुकार हिंदी भाषा!

संस्कृती की शोभा बढ़ाती, शब्दों के आदान-प्रदान से,
भाषाओं के भंडार को मिला, एक वरदान हिंदी भाषा!



जन्मदात्री गीत-ग़ज़लों की, भाषाओं में मुकुटधारिनी,
सूर-ताल से सजी दुल्हन का, है ÷सिंदूर÷ हिंदी भाषा!

खिलाफ अन्याय के लड़ती, पलटा देती है सिंहासन,
तूफ़ान में भाषावाद के, ÷जीवननौका÷ हिंदी भाषा!

समेट लेती लाखों तूफ़ान, अमन के तीन अक्षर में,
दुश्मनी खत्म करने की ताकत, प्रेम के ढाई अक्षर में!

कोटि-कोटि कंठों से गूंजे, मधुर भाषिणी हिंदी भाषा,
ज्ञानवर्धिनी, मनमोहनी, यशोपथगामिनी हिंदी भाषा!

पिरों लेगी पूरे विश्व को, एकता की माला में ÷ शेख ÷,
भाषाओं से सजी विश्वसुंदरी, ÷है श्रृंगार हिंदी भाषा÷!

**कवि– मुख्तार शेख ÷मनमाडी÷**
**8600700786**

लघु कहानी

# बाबाजी चले मुंबई की ओर

एक बार की बात है। एक मारवाड़ी बाबाजी कहीं घूमकर आने का प्लान बनाते है। काफ़ी समय तक सोचने के बाद में निर्णय लिया की वो मुंबई घूमकर आयेंगे। बाबाजी दूसरे ही दिन सपनों की नगरी मुंबई के लिए रवाना हो जाते है। और एक दो दिन बाद मुंबई पहुँच जाते है। वंहा पर कहीं चुनिंदा स्थानों को देखते है। बाबाजी मुंबई की गगनचुम्बी इमारतों को देखकर अर्छंबित होते है और बाबाजी एक जगह खड़े खड़े ऊँची मीनारों को देख रहे होते है बाबाजी की गर्दन पुरी तरह पीछे की ओर झुक जाती है और बाबाजी की पगड़ी नीचे गिर जाती है तभी अचानक एक स्कूटर पे सवार सहाब आते है पेंट शर्ट पहने एकदम अपटूडेंट। उस आदमी को देख के बाबाजी घबरा जाते है। और वो सहाब पगड़ी देखकर मन में सोचते है पक्का ही राजस्थानी है। आज तो आ गया चक्कर में। बोले क्या कर रहे हो। बाबाजी बोले क्या करता दिख रहा हूं इमारते देख रहा हूं। बोले कितनी देखी। बाबाजी बोले पचास देखी हूं। सहाब बोले निकाल सौ रुपए एक का दो के हिंसाब से। जल्दी निकाल, निकाल जल्दी। बाबाजी



ने अपने जेब से एक पुराने कपड़े मे लपेटे हुए सौ रुपए निकाले और दे दिए। बाबाजी सोचते रहे की यहाँ तो मीनारे बाहर से देखने के ही पैसे लगते है तो अंदर जाना तो मेरे लिए वस की बात नहीं है। बाबाजी घूम घुमाके वापस मुंबई से गांव जाते है। और बाबाजी को गांव वाले मुंबई शहर के बारे में पूछते है। और बाबाजी कहते है की मेरे एक बात समझ नहीं आई की ये शहर के लोग इतने कमजोर कैसे होते है। गांव के लोग बोले क्या हुआ। बोले मैंने दो सौ इमारते देखी और बदले में सौ ही रुपए देके आया हु जबकी मुझे चार सौ रुपए चाहिए थे गांव के लोग बोले आप ही ठग के आये हो वंहा पर मीनारे देखने के कोई रुपए नहीं लगते। बाबाजी बोले अब मुंबई कभी नहीं जाऊंगा। गांव के लोग बाबाजी पे हंस रहे थे।



**भगवान सिंह चारण,**
**डीडवाना राजस्थान**

## छणिकाएं हम हैं हिंदी !

**14 सितम्बर हिंदी भाषा दिवस विशेष**

हिंदी दिवस के भव्य समारोह में
एक नेता जी ने प्रशंसा के पुल बांधे
बोले हिंदी हमारी हो रही है क्रहाइटेक ं।
यही नेता जी संसद सत्र के दौरान
हर विषय पर, अंग्रेजी में प्रश्न पूछकर
हम हिंदुस्तानियों को करते हैं क्रअपसेट ं।।

बोलीवुड ने अपनी फ़िल्मों की बदौलत
हिंदी को विश्व स्तर तक पहुंचाने में
दिया है अपना अमूल्य, बहुमूल्य योगदान।
आधुनिकता की आड़ में सभी ने मिलकर
हमारी हिंदी भाषा को कर दिया है कुर्बान!

हर तरफ हमारी हिंदी
धूम मचाकर, छू रही है
ज़मीन से सितारों तक का आसमान।
दूसरी तरफ देश का दुर्भाग्य देखिए
आज भी ढ़ेर सारे हिंदुस्तानी हैं
हिंदी भाषा से बिलकुल अनजान।।

**अशोक वाधवाणी**
**गांधी नगर, महाराष्ट्र, संपर्क 9421216288, ईमेल**

## आप जब से आ गए....।

**कविता**

हम यूँ ही पलते रहे, चलते रहे तम के तले।
आप जब से आ गए, सौ दीप जीवन में जले।

क्या थे, कहाँ थे, कौन थे?
हम चुप रहे, हम मौन थे।
आपने एक लक्ष्य दी,
अर्जुन के जैसे द्रोण थे।

करते रहे हमको क्षमा, हम थे बुरे, हम थे भले।
आप जब से आ गए, सौ दीप जीवन में जले।

चल नहीं सकते थे हम, चलना सिखाया आपनें।
उड़ नहीं सकते थे हम, उड़ना सिखाया आपनें।

रह धरा पे आज हम हैं, मिल रहे नभ से गले।
आप जब से आ गए, सौ दीप जीवन में जले।

हम रहे पत्थर सदा, हीरा बनाया आपने।
मिट्टी को मूर्ति बना, कीर्ति दिलाया आपने।

वर दीजिए, है प्रार्थना, हम बढें, फूलें, फलें।
आप जब से आ गए, सौ दीप जीवन में जले।



**राज कुमार जायसवाल**
**प्राथमिक शिक्षक केंद्रीय विद्यालय क्र.-3 भुवनेश्वर**

## शब्द पहेली - 6681



**बाएँ से दाएँ**

1. ईसा मसीह-3
3. जवान, तरुण-3
5. आकाश, व्योम-2
6. परत, अस्तर-2
8. गर्जना, दहाड़ना-4
11. मदद, आराम-3
13. सुगंध, खुशबू-3
14. धूल, मिट्टी-2
15. छत्तीसगढ़ की राजधानी-2
16. पिता, आविष्कारक-3
18. नस्ल, जाति, प्रजाति-3
20. ओस, रजनीजल-4
23. भीगा हुआ-2
25. बल, ताकत, दम-2
26. तेल या घी में पकाना -3
27. मसाज-3

**ऊपर से नीचे**

1. रसना, जिव्हा-2
2. सचेत, सावधान-3
3. जरुरत, आवश्यकता-3
4. ऋतु, मौसम-2
5. दृश्य, तमाशा-3
7. कंठ, गला-3
9. रीती, रिवाज-2
10. प्रसिद्ध, नामवर-4
12. तीर रखने का पात्र-4
16. भूमि, धरा-3
17. खदान, माईन-2
19. तरंग, हिलोर-3
21. प्रवाहित करना-3
22. भीड़, समूह-3
24. राय, वोट-2
25. उत्साह, ललक-2

**शब्द पहेली -6680 का हल**



Jagrutidaur.com, Bangalore

# कंगना–राउत का विवाद

**संपादकीए**

बॉलीवुड में बेबाक राय रखने वाली अभिनेत्री कंगना रनौत ने अपने विरोधियों को खुला चैंलेंज दिया है। उन्होंने कहा है कि वह आने वाली 9 सितंबर को मुंबई आ रही हैं जो रोक सकता है तो रोक ले। कंगना अपने इस बयान से चर्चा में बनी हुई है। अब उन्हें गृह मंत्रालय ने वाई श्रेणी की सुरक्षा दी है। कंगना पहले से बॉलीवुड में नेपोटिज्म पर निशाना साधती आई हैं। नेपोटिज्म के खिलाफ उनके बोल और कठोर तब हो गए जब बॉलीवुड के उभरते हुए अभिनेता सुशांत सिंह राजपूत की मौत की खबर आई। अब सुशांत डेथ केस में ड्रग्स एंगल भी जुड़ गया तो कंगना ने बॉलीवुड की पूरी पोल खोलकर रख दी। बॉलीवुड तो छोड़िए कंगना ने ड्रंग्स एंगल में मुंबई के पुलिस कमिश्नर तक को नहीं छोड़ा। हाल में ही जब सड़क पर लगे एक पोस्टर में %वॉक ऑफ शेम% लिखा हुआ था। साथ ही कंगना समेत कई लोगों की तस्वीर भी इस पोस्टर में थी। कंगना की नकारात्मक छवि बनाने वाले इस पोस्ट को मुंबई पुलिस कमिश्नर ने सोशल मीडिया पर लाइक किया तो कंगना भड़क गईं। ऐसे में कंगना कहां चुप रहने वाली थीं। उन्होंने



ट्विटर खोला और मुंबई पुलिस कमिश्नर को करारा जवाब दे डाला। कंगना ने अपने ट्वीट में लिखा %मुंबई पुलिस कमिश्नर बुली और परेशान करने वाले लोगों के गिरफ्तार करने के बजाय उनके आपत्तिजनक पोस्टर को लाइक कर रहे हैं, मुंबई पुलिस को शर्म आनी चाहिए, ये लोग सुशांत के गुनहगारों को बढ़ावा दे रहे हैं। बात यहां तक वैचारिक मतभेद की थी, तो मामला शांत था। मगर उन्होंने जैसे ही मुंबई को पीओके की संज्ञा दी, शिवसेना का मराठी प्रेम जाग उठा। उसके नेता संजय राउत ने सारी मर्यादा लांघकर बयानबाजी शुरू की। बात धमकी तक जा पहुंची। कंगना को संजय राउत ने कंगना को मुंबई न आने की नसीहत दे डाली। कंगना ने ट्वीट किया %शिवसेना सांसद संजय राउत ने मुझे खुलेतौर पर धमकाया है, मुझे मुंबई नहीं आने की धमकी दी है, मुंबई की गलियों में पहले आजादी के नारे और अब धमकियां मिल रही है, मुंबई भी अब पीओके होता जा रहा है।% मेरा फैसला है कि मैं 9 सितंबर को मुंबई आ रही हूं, मैं हवाई अड्डे पर उतरने के समय भी शेयर करूंगी, किसी के बाप में हिम्मत है तो रोककर दिखाए।% कंगना ने दूसरे ट्वीट में लिखा %महाराष्ट्र किसी के बाप का नहीं है, जिसने मराठियों को गौरवंतित महसूस करवाया है उसी का महाराष्ट्र है, मैं खुलेतौर पर कहती हूं कि मैं मराठा हूं, कर लो जो करना है।% राउत का पलटवार हुआ–मुंबई एक व्यक्ति के बाप की है। हम कोरी धमकी नहीं देते...कंगना मुंबई मत आना। संजय राउत कह रहे हैं कि कंगना जिस भाषा का इस्तेमाल किया उससे महाराष्ट्र और मुंबई पुलिस का अपमान हुआ है। यह हम बर्दाश्त नहीं करेंगे, मगर सवाल यह है कि क्या मुंबई पुलिस का अपमान वाकई कंगना ने किया है? कतई नहीं। कंगना या दूसरों को बोलने का मौका खुद उद्धव सरकार ने दिया है। पुलिस की फजीहत सरकार ने कराई है। बिहार पुलिस के आईपीए अफसर को क्वारंटीन करना हो या सुशांत केस की जांच को भटकाना हो, पूरा दोष पुलिस पर है। सरकार का दायित्व होता है कि जहां भी और जिस भी स्तर पर लापरवाही दिखे, उस पर एक्शन ले, मगर पुलिस अपनी मनमानी में लगी रही और सरकार शांत बैठी रही। उस मुंबई पुलिस की छवि को बट्टा लगाया गया, जो फिल्मी पर्दे पर भी गौरव महसूस कराती है। अब तो मुंबईकर भी कंगना के समर्थन में बोलने लगे हैं।

## खाली हाथ आया है,खाली हाथ जायेगा...!

मुठ्ठी बांधकर आये जग में,
हाथ पसारे जाएगा
गठरी बाँध ले धन दौलत का,
खाली ही रह जायेगा
अक्ल ग्रहण की ग्रास हुई,
ज्ञान लुप्त की सीमा पर।
अज्ञानता का खोल किवाड़,
कुछ ऊपरवाले से डर।



खाली हाथ आया है,
खाली हाथ ही जायेगा।
सृष्टि की अमानत,
धरा का धरा रह जायेगा।
ख्वाब आसमाँ की देख,
बटोरता धन है क्यों इतना।
मिट जाए मन की भूख,
सपने साकार हो जितना।
प्राणी भटकता नश्वर,
प्रलय की आंधी चल पड़ी।
विक्राल काल चक्र देख,
निहत्थे ले जाने काल खड़ी।
गर्दिश की आंधी लुढ़क गयी,
कफ़न साथ भी न जायेगा।
खाली हाथ आया है,
खाली हाथ जायेगा।
धन की बात क्या करूँ,
रिश्ते भी काम न आयेगा।
तेरा मेरा मेरा तेरा,
मोह एकदिन रुलायेगा।
अकेला आया जग में,
अकेला ही सब जायेगा।
अभिमान की घमण्ड में चूर,
जो सब भूल सा जायेगा।
खाली हाथ आया है,
खाली हाथ जायेगा।
हाय हाय सारी जिंदगानी,
तौबा धन अजब खड़ा किया।
किससे क्या लिया था तुमने,
किसको तुमने क्या दिया।
धन दौलत की महल सजी,
राजकोष लबालब भरगया।
किनते राजा की दास्तां,
क़िस्सा बन कर रह गया।
देखो राजा रंक फकीर,
काम किसी का न आयेगा।
खाली हाथ आया है,
खाली हाथ जायेगा।

**दिब्यानन्द पटेल**
**विद्युत नगर दर्री**
**कोरबा छत्तीसगढ़**

## कोई इश्क करना सीखा दे



कोई मुझे भी इश्क करना सीखा दे
इश्क में इन्तज़ार करना सीखा दे ।

कैसे भरते रहते हैं आँहे आशिक
मुझे भी आँहे भरना सीखा दे ।

सुना है लोग इश्क में जान दे देते हैं
मुझे कोई इश्क में मरना सीखा दे ।

सुना है कभी इश्क में मिलता है दग़ा भी
मुझे वफ़ा- जफा में फर्क करना सीखा दे ।

सुना है दिल टूटने पर होती है तकलीफ़ बड़ी
÷प्रेम ÷को कोई तकलीफ़ से गुज़रना सीखा दे ।

**मौलिक एवं स्वरचित**
**प्रेम बजाज, जगाधरी (यमुनानगर)**

## जिंदगी

जिंदगी का कोई मोल नहीं, जिंदगी का कोई तोल नहीं।
लम्हों की खुली किताब है जिंदगी, ख्यालों और सांसो का हिसाब है जिंदगी।
बनते बिगड़ते हालातों का हिसाब है जिंदगी,
हर रोज एक नया पन्ना जुड़ता है जिसमें,
वही एक किताब है जिंदगी।



हर पल एक नया किस्सा
तैयार रहता है अपना अंत पाने को।
गमों के दौर में, खुशियों की राह ताकते हैं कई लोग।
तड़पते हैं पेड़ और पंछी
पतझड़ में, जैसे बसंत पाने को।
छिपा कर रखती है कई राज अनजाने से,
कहने को वो हिसाब है जिंदगी।

जलाती रहती है दर्द की एक आग सीने में,
कभी खुशियों में आनंद मिलता है तो खुशबू आती है पसीने में।
बदल देते हैं वो शख्स कायनात अपनी, होती है जान हौसलों की जिनकी बाहों में।
हर रोज एक नया पन्ना जुड़ता है जिसमें,
वो ही एक किताब है जिंदगी ?।

**ठाकराराम प्रजापत**
**भीमरलाई गांव,**
**जिला-बाड़मेर, राजस्थान**



पाकिस्तान के कराची शहर में देश के संस्थापक जिन्ना की याद में आयोजित रक्षा दिवस में भाग लेते हुए कैडेट्स।

# तुर्की के राष्ट्रपति एर्दोगन ने यूरोपीय यूनियन को सैन्य चेतावनी दी



**अंकारा।** भूमध्य सागर में तेल और गैस को लेकर तुर्की और ग्रीस में तनाव चरम पर है। इस बीच तुर्की के राष्ट्रपति एर्दोगन ने खुलेआम यूरोपीय यूनियन को सैन्य चेतावनी दी है। उन्होंने कहा कि इस सप्ताह के अंत से हम हर संभावना और परिणाम के लिए तैयार हैं। इस बीच यूरोपीय यूनियन ने भी ग्रीस के पक्ष में लामबंदी शुरू कर दी है। उधर फ्रांस ने ग्रीस की हर संभव सैन्य सहायता करने का ऐलान किया है। इस्तांबुल में एक अस्पताल के उद्घाटन समारोह में बोलते हुए एर्दोगन ने कहा कि तुर्की के पास दूसरों के अनैतिक नक्शे और दस्तावेजों को फाड़ने के लिए राजनीतिक, आर्थिक और सैन्य शक्ति है। 14 अगस्त को भी एर्दोगन ने ग्रीस को धमकी देते हुए कहा था कि अगर हमारे जहाज पर हमला बोला गया तो इसकी भारी कीमत चुकानी पड़ेगी। दरअसल पिछले कुछ दिनों से तुर्की का समुद्री तेल खोजी शिप ओरुक रीस ग्रीस के द्वीप कस्तेलोरिज़ो के नजदीक रिसर्च गतिविधि को अंजाम दे रहा है। ग्रीस का दावा है कि तुर्की का शिप उसके जलक्षेत्र में ऑपरेट कर रहा है। जबकि, तुर्की ने ग्रीस के दावे को नकारते हुए उस समुद्री हिस्से को अपना बताया है। तुर्की के आक्रामक रवैये से निपटने के लिए फ्रांस ने ग्रीस को सैन्य मदद करने का ऐलान किया है। तुर्की के मोडिफाइड एफ 16 फाइटर जेट से निपटने के लिए फ्रांस ग्रीस को 18 राफेल फाइटर जेट देगा। इनमें से 10 राफेल के एफ3-आर व्हैरियंट होंगे, जबकि शेष 8 सेकेंड हेंड जेट होंगे जिसके लिए ग्रीस को कोई भी पैसा नहीं देना होगा। तुर्की के खिलाफ ग्रीस की सहायता के लिए विवादित क्षेत्र के पास फ्रांस ने भी अपनी नौसेना को तैनात कर दिया है।

# कोरोना के टीकों की खरीद और आपूर्ति का नेतृत्व करेगा यूनीसेफ




**जिनेवा।** कोविड-19 के खिलाफ लड़ाई में टीका उपलब्ध होने के बाद संभवतः अपनी तरह के सबसे बड़े अभियान में संयुक्त राष्ट्र बाल कोष (यूनीसेफ) कोरोना के टीकों की खरीद और आपूर्ति का नेतृत्व करेगा। अभियान के जरिए सुनिश्चित किया जाएगा कि जब यह टीका उपलब्ध हो,तब सभी देशों को सुरक्षित, तेजी से और उचित रूप से टीके की प्रारंभिक खुराकें हासिक हो सके। यूनीसेफ दुनिया का सबसे बड़ा एकल टीका खरीदार है, जो सालाना 100 देशों की ओर से नियमित टीकाकरण और संक्रमण रोकने के लिए दो अरब से ज्यादा टीकों की खरीद करता है। यूनिसेफ, रिवॉवल्विंग फंड ऑफ द पैन अमेरिका हेल्थ ऑर्गेनाइजेशन के सहयोग से कोविड-19 टीकों की खरीद और खुराक की आपूर्ति कोवैक्स ग्लोबल वैक्सिन फैसिलिटी की तरफ से 92 निम्न और निम्न मध्यम आय वाले देशों के लिए करेगा। यूनिसेफ ने बताया कि यह संगठन 80 उच्च आय वाले देशों की खरीद को समर्थन देने के लिए खरीद समन्वयक के रूप में भी काम करेगा। इन देशों ने कोवैक्स फैसिलिटी में हिस्सा लेने का इरादा जाहिर किया है और ये सभी अपने बजट से टीके का प्रबंध करेंगे। टीके की खरीद और वितरण प्रयास में 170 से ज्यादा देश शामिल हैं और यह अपनी तरह का दुनिया का सबसे बड़ा और तेज अभियान हो सकता है।

## मुशर्रफ ने पाकिस्तानियों को लूट कर लंदन और यूएई में खरीदे करोड़ों के फ्लैट

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान की गरीब जनता को लूटकर अरबों की दौलत बनाने वाले सैन्?य अधिकारियों की पोल एक-एक करके खुलती जा रही है। पाक प्रधानमंत्री इमरान खान के विशेष सहायक असीम बाजवा के बाद अब पूर्व सेना प्रमुख और राष्ट्रपति रहे परवेज मुशर्रफ के बारे में बड़ा खुलासा हुआ है। पाकिस्तान के खोजी पत्रकार अहमद नूरानी ने खुलासा किया है कि जनरल परवेज मुशर्रफ को रिटायरमेंट पर दो करोड़ रुपए मिले थे लेकिन उन्?होंने लंदन और संयुक्?त अरब अमीरात में 20-20 करोड़ रुपए दो फ्लैट खरीदे। नूरानी ने अपनी वेबसाइट फैक्ट फोकस पर जारी रिपोर्ट में ब्रिटेन और यूएई के दस्तावेजों के हवाले से बताया कि मुशर्रफ ने लंदन में 13 मई 2009 को करीब 20 करोड़ रुपए में फ्लैट खरीदा था।

# चीन भारत से लगती सीमा पर 1000 सैनिकों के साथ कर रहा युद्धाभ्यास



**पेइचिंग।** पूर्वी लद्दाख में अपनी नापाक हरकतों से बाज नहीं आ रहा चीन भारत से लगती सीमा पर युद्धाभ्?यास कर रहा है। चीन ने यह कदम उस समय पर उठाया है, जब भारतीय सैनिकों ने ड्रैगन को जोरदार झटका देते हुए पैंगोंग झील के दक्षिण किनारे पर स्थित ऊंचाई वाली चोटियों पर कब्?जा कर? लिया है। चीन के सरकारी टीवी चैनल के मुताबिक पश्चिमोत्?तर चीन में चल रहे इस लाइव फायर ड्रिल में एक हजार सैनिक हिस्?सा ले रहे हैं। ये सैनिक 100 गाड़?यों से पहुंचे हैं। उन्?हें चीन ने रेलवे लाइन के जरिए लद्दाख सीमा के पास तक पहुंचाया है। इस लाइव फायर ड्रिल में चीन तोपों, टैंकों और मि?साइलों का इस्?तेमाल कर रहा है। बता दें कि चीन ने पिछले दिनों एक बार फिर से भारत के साथ बातचीत के नाम पर लद्दाख के पैंगोंग झील इलाके में छूरा घोपने की कोशिश की। बड़ी संख्?या में चीनी सेना के जवानों ने पैंगोंग झील के दक्षिणी किनारे पर रात के समय में यथास्थिति को बदलने की कोशिश की। ड्रैगन की इस नापाक साजिश को भारतीय सेना ने जोरदार कार्रवाई करते हुए विफल कर दिया।




फिलिस्तीनी शहर रमल्लहा में कोरोना महामारी के कारण छह माह से बंद स्कूल फिर खुल गये।

# बोरिस जॉनसन ने ब्रिटेन कुछ हफ्तों के भीतर वार्ता से बाहर हो सकता हैं

**लंदन।** ब्रिटेन के प्रधानमंत्री बोरिस जॉनसन ने यूरोपीय संघ के साथ ब्रेक्जिट के बाद की व्यापार वार्ता के अहम चरण से पहले रविवार को सख्त रुख अपनाते हुए कहा कि ब्रिटेन कुछ हफ्तों के भीतर वार्ता से बाहर हो सकता है।साथ ही उन्होंने कहा कि कोई सौदा नहीं होने की सूरत में बाहर होना ब्रिटेन के लिए अच्छा परिणाम देने वाला होगा। वार्ता में गतिरोध बने रहने के बीच जॉनसन ने कहा कि समझौता तभी संभव है,जब यूरोपीय संघ के वार्ताकार अपनी मौजूदा स्थिति पर फिर से विचार करने के लिए तैयार हों। वहीं ईयू ब्रिटेन पर गंभीरता से वार्ता में शामिल नहीं होने का आरोप लगा रहा है। ब्रिटेन 31 जनवरी को यूरोपीय संघ से बाहर हो गया था जिसमें अब बस 27 राष्ट्र बचे हैं। इससे साढ़े तीन साल पहले देश ने चार दशक की सदस्यता को समाप्त करने के पक्ष में मतदान किया था। समझौते के बिना, नया साल ब्रिटेन और उसके सबसे बड़े व्यापार साझेदार, गुट के बीच शुल्क एवं अन्य आर्थिक अवरोध लेकर आएगा। जॉनसन ने कहा कि अगर ब्रिटेन ऑस्ट्रेलिया की तरह यूरोपीय संघ के साथ व्यापार समझौता करता है, तो देश भली-भांति समृद्ध हो सकता है।



बीजिंग में लगे एक ट्रेड फेयर के दौरान एक रोबोट को निर्देश देती हुई एक महिला।

# ट्रम्प के समर्थन में निकाली जल-परेड के दौरान पांच नौकाएं डूबी

**ऑस्टिन।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के समर्थन में निकाली जा रही जल-परेड के दौरान पांच नौकाएं डूब गईं। ट्रैविस काउंटी शेरिफ कार्यालय की क्रिस्टन डार्क के अनुसार ट्रम्प की राष्ट्रपति पद की उम्मीदवारी के समर्थन में हाल ही में ऑस्टिन के पश्चिम में स्थित एक झील पर परेड निकाली जा रही थी, जिसमें दर्जनों नौकाएं शामिल थीं। इन नौकाओं से तत्काल मदद का संदेश मिला था। डार्क ने बताया कि 19,000 एकड़ में फैली झील का पानी शांत था लेकिन नौकाओं के ठसाठस भरे होने के कारण ऊंची-ऊंची लहरें उठीं और यह घटना हुई। इस घटना में कोई हताहत नहीं हुआ है। उन्होंने बताया कि अधिकारियों को घटना के पीछे किसी साजिश के सबूत नहीं मिले हैं। डार्क ने बताया कि तीन नौकाओं को निकाल लिया गया है और अन्य दो अब भी फंसी हैं।

# चीन की तर्ज पर बलूचों की पहचान मिटा रहा पाकिस्तान

**इस्लामाबाद ।** पाकिस्तान अपने दोस्त चीन की तरह ही बलूचिस्तान में बलूच संस्कृति और पहचान को मिटाने की कोशिश कर रहा है। यहां पर पाकिस्तान आर्मी ने चीन की तरह डिटेंशन कैंपों का निर्माण किया है। जिसमें आत्मसमर्पण करने वाले बलूच उग्रवादियों का जमात ए इस्लामी जैसे कट्टर संगठन ब्रेन वॉश करते हैं। यहां इन उग्रवादियों की बलूच पहचान को खत्म कर उन्हें धार्मिक देशभक्त बनाया जाता है। ठीक ऐसा ही काम चीन भी शिनजियांग के उइगुर मुसलमानों के साथ करता है। एक अंग्रेजी अखबार की रिपोर्ट के अनुसार, 2018 में पाकिस्तान आर्मी के लेफ्टिनेंट जनरल (रिटायर्ड) असीम सलीम बाजवा ने विवादास्पद पुनर्वास कार्यक्रम को शुरू किया था। इसका प्रमुख उद्देश बलूच उग्रवादियों की जातीय पहचान को खत्म करना था, क्योंकि ये लोग चीन के सीपीईसी प्रोजक्ट के खिलाफ हथियार उठाए हुए थे। असीम सलीम बाजवा उस समय पाकिस्तानी सेना की दक्षिणी कमान के प्रमुख थे। जिन्हें इस काम के एवज में 60 अरब डॉलर के सीपीईसी प्रोजक्ट का चेयरमैन बनाया गया। बाजवा को लेकर हाल में ही एक रिपोर्ट सामने आई है जिसमें उन पर सीपीईसी प्रोजक्ट का चेयरमैन रहते घोटाला करने और अरबों की दौलत बनाने का आरोप लगा है। बाजवा के परिवार ने उनके सेना में रहने के दौरान और उसके बाद अब तक 99 कंपनियां और 133 रेस्टोरेंट बना लिए हैं। फैक्?ट फोकस की रिपोर्ट के मुताबिक बाजवा और उनके परिवार का यह आर्थिक साम्राज्?य 4 देशों में फैला हुआ है, जिसकी कुल कीमत 40 मिलियन डॉलर से ज्यादा है। पाक सेना ने बलूच उग्रवादियों के ब्रेन वाश के लिए सबसे पहले उम्मेद-ए-नउ नाम से सेंटर बनाया था। जिसे बाद में दरपेश नाम दिया गया। बलोची में दरपेश का मतलब उजाला होता है। रिपोर्ट के अनुसार इस सेंटर में दिसंबर 2018 से मार्च 2019 तक 50 बलोच उग्रवादी रखे गए थे। दूसरा बैच 128 उग्रवादियों का था जिसे अप्रैल-जुलाई 2019 के बीच प्रशिक्षित किया गया। पाकिस्तानी सेना इन उग्रवादियों के ब्रेनवाश के लिए हरकत उल मुजाहिद्दीन और जैश ए मोहम्मद के पैतृक संगठन जमात ए इस्लामी का सहारा लेता है। जमात ए इस्लामी कट्टरवाद को फैलाने और नए आतंकी संगठनों को पैदा करने का काम करता है। इसके आतंकी पाकिस्तान सेना के इन शिविरों में जाकर आत्मसमर्पण कर चुके उग्रवादियों का ब्रेन वॉश करते हैं। जिससे ये उग्रवादी बलूचिस्तान की मांग छोड़ पाकिस्तान के आतंकी एजेंडे पर चलने लगते हैं।

## ब्रेनवॉश कर बना रहा धार्मिक आतंकी



# नौकरी चाहिए तो ऐसे बनाएं रिज़्यूम

**अपने लिए अच्छी नौकरी की तलाश में लगे लोगों के लिए बायोडाटा या रिज़्यूमे बनाना हमेशा मुश्किल भरा होता है. रिज़्यूमे तैयार करते वक्त अधिकांश लोग फैंसी शब्दों या कहें रिझाने के लिए विशेषणयुक्त शब्दों का इस्तेमाल कुछ ज्यादा ही करते हैं. इसका इस्तेमाल ज़्यादातर लोग नियोक्ताओं को लुभाने के लिए करते हैं. क्या वाकई नियोक्ताओं पर इसका असर होता है? अगर आपको लगता है कि इन शब्दों का असर होता है तो सावधानी बरतिए. क्योंकि फैंसी शब्दों के इस्तेमाल का नियोक्ताओं पर उल्टा असर होता है, वे ठिठक जाते हैं.**

इस नतीजे तक पहुंचने के लिए हमने एक ख़ास साइट क्योरा की मदद ली जो एक तरह से सवाल-जवाब पर आधारित वेबसाइट है. हमने इसके जरिए यह जानने की कोशिश की कि रिज़्यूमे में इस्तेमाल होने वाला सबसे ग़ैर ज़रूरी और ख़राब शब्द कौन सा है.

### सबसे बेकार शब्द

इस सवाल के जो जवाब मिले हैं, वो कुछ इस तरह से हैं.एंजेला लियू ने बताया, नियोक्ता के तौर पर हमारे पास रिज़्यूमे का ढेर जमा हो जाता है. इनमें उन फैंसी शब्दों का इस्तेमाल बहुत ज़्यादा है, जिन्हें हम पसंद नहीं करते.एंजेला के मुताबिक रिज़्यूमे में जिन शब्दों की कोई ख़ास उपयोगिता नहीं होती है वो हैं- सॉफ्ट स्किल्स, टीम प्लेयर, मल्टीटास्क, तेज़ी से सीखने वाला यानी क्विक लर्नर, ग्रेट कम्युनिकेशन स्किल (संवाद की बेहतरीन काबिलियत), जिम्मेदार, जरूरत के मुताबिक (एज रिक्वायर्ड).

लियू ने लिखा है, अगर आप सॉफ्टवेयर डेवलपर हों या फिर बिज़नेस डेवलपमेंट एग्जीक्यूटिव तो फिर आपकी सॉफ्ट स्किल्स की कोई अहमियत नहीं है. हमें उन शब्दों की कोई ज़रूरत नहीं होती है जो ये नहीं बता सके कि आप किस तरह से अलग हैं. हालांकि इसका मतलब ये भी नहीं है कि सॉफ्ट स्किल्स और रिझाने वाले शब्दों का सब पर ख़राब असर ही होता है.



(कंपनी के सीईओ आपस में मिलते हैं तो क्या होती है बात)

हालाँकि लियू बताती हैं कि आवेदन करने वाले अपनी भावनात्मक बुद्धिमता का इस्तेमाल कर सकते हैं.

लियू कहती हैं, इसके ज़रिए हमें नौकरी की तलाश कर रहे शख्स की सच्ची आवाज़ सुनाई दे जाती है. हम उसमें से सच चुन लेते हैं.

लियू एक उदाहरण भी देती हैं-

चीजें कैसे काम करती हैं, यह मैंने 9 साल की उम्र से देखा है. चीजें कैसे काम करती हैं ये जानने में मुझे मज़ा आता है. मुझे अपने कौशल पर गर्व भी है. इन दिनों मैं वेब एप्लीकेशन बना रहा हूं, जिसके पीछे काफी बड़ा उद्देश्य है. मुझे बहुभाषी शब्द पसंद नहीं हैं, लेकिन ये मुझ पर सटीक बैठता है. मैं तकनीकी तौर पर संशयवादी हूं और कई अन्य कौशल सीखने में समय व्यतीत करता हूं.

### असर कम करने वाले शब्द

वहीं, करियर सलाहकार इरिन ब्रेकरी रॉवनर बताती हैं, वेरियस शब्द का इस्तेमाल रिज़्यूमे में सबसे ज़्यादा होता है. इसका इस्तेमाल विशेषण के तौर पर होता है, लेकिन यह आपके गुणों को कम कर देता है.

रॉवनर के मुताबिक, ज़्यादातर लोग डिफरेंट शब्द की जगह वेरियस का इस्तेमाल करते हैं. लोग लिखते हैं कि मैंने वेरियस प्रोजक्ट पर काम किया है. वे काम का विवरण नहीं लिखते है, बस वेरियस लिख डालते हैं.

रॉवनर सलाह देती हैं कि वेरियस शब्द को रिज़्यूमे से हटा देना चाहिए. वह कहती हैं, ÷आपने जिन प्रोजेक्ट्स पर काम किया है, उसके बारे में बताइए. अगर आपको वेरियस शब्द का इस्तेमाल करना ही हो तो उसकी जगह दूसरे शब्द का इस्तेमाल कीजिए.

(आपकी सफलता किस बात पर करती है निर्भर)

वहीं, जिम ब्रोआइल्स कहते हैं कि रिज़्यूमे में वेरी शब्द के इस्तेमाल से बचना चाहिए. वे कहते हैं, वेरी शब्द का इस्तेमाल तो रिज़्यूमे और किसी तरह के पेशेवर संवाद में नहीं करना चाहिए. इससे संवाद को कोई फ़ायदा नहीं होता, केवल आपकी अतिशयोक्ति जाहिर होती है.÷

इनसे बचना चाहिए

हालाँकि रिज़्यूमे के लिए आपको खुद को प्रमोट करना बेहद अहम होता है, लेकिन कुछ शब्द काफी एरोगेंट यानी दंभ भरे लगते हैं. इनमें शामिल हैं- विज़नरी, एक्सपर्ट, फ्यूचरिस्ट, मास्टर माइंड, गो-गेटर, चेंज एजेंट.

जिम ब्रोआइल्स के मुताबिक विज़नरी शब्द को ही लें तो ये किसके सापेक्ष है, इससे केवल बताने वाले का अहंकार का भाव जाहिर होता है.इतना ही नहीं, सिनर्जी और इससे जुड़े अन्य शब्दों के इस्तेमाल का भी रिज़्यूमे में कोई फायदा नहीं होता है.ब्रायन हेनेस्सी कहते हैं, इन शब्दों का इस्तेमाल दस साल पहले स्मार्ट माना जाता था. कॉकटेल पार्टियों में और कारोबारी बैठकों में ये सुनाई पड़ता है. इसके बाद हर रिज़्यूमे में इसका इस्तेमाल नज़र आता है.÷

हेनेस्सी कुछ उदाहरण देते हुए, इससे बचने की सलाह देते हैं-विभागीय संसाधनों के बीच सिनर्जी के लिए ज़िम्मेदार, कंपनी के निर्देशों की सिनर्जी को क्रियान्वित किया, सभी कर्मचारियों की सिनर्जी को विकसित किया, बढ़ाया और उसे बनाए रखा.

### क्या है अहम?

हेनेस्सी के मुताबिक इस शब्द का इस्तेमाल रेस्तरां और हॉस्पिटलिटी सेक्टर की नौकरियों में बहुत ज्यादा होता है.नेड होरवाथ ने मुताबिक अपेक्षाकृत उम्रदराज लोग अपने रिज़्यूमे में प्रॉब्लम सॉल्वर शब्द का इस्तेमाल करते हैं. वे कहते हैं, ÷ऐसे लोग अपने रिज़्यूमे में लिखते हैं उनकी कुशलता अत्याधुनिक नहीं है, लेकिन अपने अनुभव के चलते वे सामान्य तौर में उपयोगी भूमिका निभा सकते हैं.

ऐसे लोगों को सलाह देते हुए होरवाथ कहते हैं कि इंटरनेट पर इतना कुछ स्व-शिक्षा का संसाधन उपलब्ध है, कई सलाह समूह भी काम कर रहे हैं लिहाजा उन्हें खुद को आधुनिक क्षमता से निपुण करना चाहिए.

(क्योरा पर जवाब देने वालों को साइट की वास्तविक नाम देने की नीति के चलते अपना नाम देना होता है. गुणवत्ता और वैधता की जांच के लिए क्योरा उन विशेषज्ञों से उनके क्षेत्र के कुछ सवाल पूछता है.)

# बदलते मौसम में ऐसे रहें स्वस्थ



आजकल लगातार मौसम बदल रहा है और ऐसे में संक्रमण के मामले बढ़ते जा रहे हैं। बदलते मौसम में खांसी-जुकाम के सबसे ज्यादा मामले देखे जाते हैं। बहता हुआ नाक, सिर दर्द ,बदन दर्द हमे बेहाल कर देता है। इससे तत्काल राहत पाने के लिए लोग कई सारी दवाइयों का सहारा लेते हैं। इन दवाओं से खांसी-जुकाम तो ठीक हो जाती है। मगर सेहत पर कई प्रकार से विपरीत प्रभाव पड़ता है। ऐसे में कुछ ऐसे आसान से उपाय हैं जिससे बिना विपरीत प्रभाव के खांसी-जुकाम ठीक हो जाता है।

**हल्दीः** खांसी-जुकाम से राहत पाने के लिए एक गिलास गर्म दूध में एक चम्मच हल्दी पाउडर मिलाकर पीएं। इसके साथ ही सूखी हल्दी को जलाकर उसका धुंआ सूंघने से जुकाम ठीक होता है।

**गेहूं की भूसीः** खांसी-जुकाम ठीक करने के लिए भूसी का इस्तेमाल करें। 2 गिलास पानी में 10 ग्राम गेंहू की भूसी, 5 लौंग और 2 चुटकी काला नमक डालकर तब तक उबालें जब तक पानी आधा न रह जाए। इस तैयार काढ़े को पीने से खांसी जुकाम में तुरंत सुधार होगा।

**तुलसीः** तुलसी खांसी-जुकाम के लिए किसी औषधि से कम नही हैं। तुलसी के 2 से चार पत्ते चबाने से गले की खराश और खांसी से राहत मिलती है। आप चाहें तो इसे चाय में उबालकर भी पी सकते हैं।

**अदरकः** अदरक के रस शहद में मिलाकर खाने से भी खांसी दूर होती है। रात को सोने से पहले दूध या चाय में अदरक उबालकर पीएं। आपकी सेहत में जल्द सुधार होगा।

**इलाइचीः** इसको चाय में उबालकर पीने से जुकाम- खांसी नही होता। यदि फिर भी जुकाम हो जाए तो इलाइची के दानों को रुमाल में लपेटकर सूंघने से जुकाम से राहत मिलती है।

हर्बल टी

सिर दर्द, जुकाम ,बुखार, खांसी होने पर हर्बल चाय पीएं। यह शरीर को गर्म रखती है और बीमार होने से बचाती है।


# कैसा हो पूजाघर

**हर मकान या दुकान में पूजाघर जरूर होता है। घरों में तो पूजन कक्ष का होना और भी जरूरी है क्योंकि यह मकान का वह हिस्सा है जो हमारी आध्यात्मिक उन्नति और शांति से जुड़ा होता है। यहां आते ही हमारे भीतर सकारात्मक उर्जा का संचार होता है और नकारात्मकता खत्म हो जाती है।**

यहां हम ईश्वर से जुड़ पाते हैं और उस परम शक्ति के प्रति अपनी आस्था व्यक्त करते हैं। इसलिए अगर यह जगह वास्तु के अनुरूप होती है तो उसका हमारे जीवन पर बेहतर असर होता है। अगर मकान में पूजाघर या पूजा के कमरे को वास्तु के अनुरूप संयोजित किया जाता है तो पूरे परिवार को उसके अच्छे परिणाम प्राप्त हो सकते हैं। कुछ वास्तु सिद्धांत हैं जिन पर गौर करके हम अपने पूजाघर को अधिक प्रभावशाली बना सकते हैं।

पूजा स्थल अगर वास्तु सम्मत हो तो अधिक शुभ फल देता है और जीवन के दोष समाप्त होते हैं। अधिकांश लोग पूजाघर के निर्माण में वास्तु नियमों की उपेक्षा करते हैं लेकिन कुछ बहुत छोटे उपायों के जरिए यह किया जा सकता है। ऐसे ही कुछ महत्वपूर्ण सुझाव।

1. पूजाघर में कलश, गुंबद इत्यादि नहीं बनाना चाहिए।
2. पूजाघर में किसी प्राचीन मंदिर से लाई गई प्रतिमा या स्थिर प्रतिमा को स्थापित नहीं करना चाहिए।
3. पूजाघर में यदि हवन की व्यवस्था है तो वह हमेशा आग्नेय कोण में ही की जाना चाहिए।
4. पूजास्थल में कभी भी धन या बहुमूल्य वस्तुएं नहीं रखनी चाहिए।
5. पूजन घर की दीवारों का रंग बहुत गहरा न होकर सफेद, हल्का पीला या हल्का नीला होना चाहिए।
6. पूजाघर का फर्श सफेद अथवा हल्का पीले रंग का होना चाहिए।
7. पूजाघर में ब्रह्मा, विष्णु, शिव, इन्द्र, सूर्य एवं कार्तिकेय का मुख पूर्व या पश्चिम दिशा की ओर होना चाहिए।
8. पूजाघर में गणेश, कुबेर, दुर्गा का मुख दक्षिण दिशा की ओर होना चाहिए।
9. पूजाघर में हनुमानजी का मुख नैर्ऋत्य कोण में होना चाहिए।
10. पूजाघर में प्रतिमाएं कभी भी प्रवेशद्वार के सम्मुख नहीं होना चाहिए।
11. पूजाघर के निकट एवं भवन के ईशान कोण में झाड़ू या कूडेदान आदि नहीं रखना चाहिए। संभव हो तो पूजा घर को साफ करने का झाड़ू-पोंछा भी अलग



ही रखें। जिस कपड़े से भवन के अन्य हिस्से का पोंछा लगाया जाता हो उसे पूजाघर में उपयोग में न लाएं।

12. पूजाघर को सदैव स्वच्छ और साफ सुथरा रखें। पूजा के बाद और पूजा से पहले उसे नियमित रूप से साफ करें। पूजन सामग्री के बाद बचने वाला शेष तुरंत हटा लेना चाहिए।

13.पूजाघर कभी भी शयनकक्ष में नहीं बनवाना चाहिए।

यदि परिस्थितिवश ऐसा करना ही पड़े तो वह शयनकक्ष विवाहितों के लिए नहीं होना चाहिए। अगर विवाहितों को भी उसी कक्ष में सोना पड़ता हो तो पूजास्थल को पट या पर्दे से ढंकना चाहिए अर्थात देवशयन करा देवें। लेकिन यह व्यवस्था तभी ठीक है जबकि स्थान का अभाव हो। यदि जगह की कमी नहीं है तो पूजाघर को शयनकक्ष में नहीं बनवाना चाहिए।

# राधे राधे बोलो चले आयेंगे बिहारी

यू तो हिंदू धर्म में कई अवतार हुए है जिन्होंने हिन्दू धर्म के लिए कई उदाहरण पेश किये है, पर सबसे महत्वपूर्ण श्री कृष्ण और राधा की जोड़ी है.भगवान कृष्ण सुख समृद्धि शांति और ऐश्वर्य के दाता है. ये अपने भक्तों को संसार के सभी सुखो को देने वाले है. श्रीकृष्ण की प्रसन्नता के बाद किसी भी व्यक्ति के लिए सुख-समृद्धि के सभी द्वार खुल जाते हैं.श्रीकृष्ण और राधा अपने अटूट निस्वार्थ प्रेम के कारण ही सच्चे प्रेम के प्रतीक माने गए हैं. भगवन श्री कृष्ण का नाम राधा के बिना आधा है अधूरा है.हिन्दू धर्म के अनुसार श्री कृष्ण की 16100 रानियां थी, और राधा जी उनकी सबसे बड़ी भक्त थी. राधा जी को प्राप्त इस विशेष दर्जे के बारे में जानने के लिए नारद जी श्री कृष्ण के पास गए तब कृष्ण जी बोले कि मेरे सिर में दर्द है. तब देवर्षि ने कहा प्रभु आप बताएं मैं क्या कर सकता हूं? जिससे आपका सिर दर्द शांत हो. श्रीकृष्ण ने कहा आप मेरे किसी भक्त का चरणामृत लाकर मुझे पिला दें. उसी चरणामृत से मुझे शांति मिलेगी. नारदजी से सोच में पड़ गए कि भगवन् का भक्त तो मैं भी हूं, परंतु मेरे चरणों का जल श्रीकृष्ण को कैसे पिला सकता हूं? ऐसा करना तो घोर पाप



है और इससे निश्चित ही मुझे नरक भोगना पड़ेगा. यह सोचते हुए वे देवी रुकमणी के पास पहुंचे और श्रीकृष्ण की वेदना कह सुनाई. रुकमणी ने भी देवर्षि नारद की बात का समर्थन किया और कहा कि प्रभु को अपने चरणों का जल पिलाना अवश्य घोर पाप है. तब नारदजी ने सोचा राधा भी श्रीकृष्ण की भक्त है उसी से प्रभु का कष्ट दूर करने की बात करनी चाहिए. वे राधा के पास पहुंच गए और श्रीकृष्ण के सिर दर्द और उसके निवारण के लिए उनके भक्त के चरणामृत की बात कही. राधा ने तुरंत ही एक पात्र में जल भरा और उसमें अपने पैर डालकर वह पात्र नारदजी देते हुए कहा कि मैं जानती हूं ऐसा जल श्रीकृष्ण को पिलाना बहुत बड़ा पाप है और मुझे अवश्य ही नरक भोगना पड़ेगा परंतु मेरे प्रियतम के कष्ट को दूर करने के लिए मैं कुछ भी कर सकती हूं, नरक भी भोगना पड़ेगा तब भी मुझे खुशी ही प्राप्त होगी. राधा जी का अपने भगवन के प्रति प्रेम देख कर नारद जी की आँखे खुल गई और वे समझ गए की क्यों राधा के बिना कृष्ण अधूरे है, इसलिए कहा गया है की राधे राधे रटो चले आयेंगे बिहारी.

# नेशनल पार्कों की करें सैर



भारत में ऐसे कई वाइल्ड लाइफ सेंक्च्युरी यानी वन्य जीव अभयारण्य हैं, जहां न केवल प्रकृति की सुंदरता देखते बनती है, वहीं कई दुर्लभ जीव और पक्षी भी दिख जाते हैं, जिन्हें हम शहरों में अपने आसपास देखने की कल्पना भी नहीं कर सकते। गर्मियों की छुट्टियां शुरू होने ही वाली है तो क्यों देश के किसी वन्यजीव अभयारण्य की सैर करने बच्चों के साथ निकला जाए। आप ऐसी किन-किन जगहों पर जा सकते हैं, यहां हम आपको बताएंगे। तो चलिए यहीं एक बार में सैर करा देते हैं।

### कार्बेट नेशनल पार्क

भारत में सभी राष्ट्रीय उद्यानों में कार्बेट नेशनल पार्क सबसे पुराना है। यह भारत के दस सबसे बेहतरीन वन्यजीव उद्यानों में से एक हैं। 1936 में बंगाल टाइगर की सुरक्षा के मद्देनजर इसे बनाया गया। उत्तराखंड के हिमालय क्षेत्र की गोद में बसा हैं यह उद्यान। जंगली जानवरों के जीवन में रूचि रखने वालों के लिए यह वन्यजीव अभयारण्य महत्वपूर्ण है। इस उद्यान का नाम मशहूर वन्य जीव प्रेमी जिम कार्बेट के नाम पर रखा गया। इसकी सुंदरता के साथ यहां रोमांच के कारण भी पर्यटक खिंचे चले आते हैं।

### काजीरंगा नेशनल पार्क

यह उद्यान एक सींग वाले गैंडे को बचाने के लिए बनाया गया था। न सिर्फ भारत में बल्कि पूरे विश्व के गैंडों के अस्तित्व को खतरे में देखते हुए बनाया गया। असम के गोलाघाट जिले में यह राष्ट्रीय उद्यान उत्तर भारत का सबसे बड़ा पार्क है। भारत के दस राष्ट्रीय उद्यानों में यह पार्क भी शामिल है। बाघों की दिन ब दिन घटती संख्या के कारण 2006 में इस उद्यान को टाइगर रिजर्व फारेस्ट बनाया गया। यहां और भी जंगली जानवर जैसे हाथी, जंगली भैंसा और स्वाम्प हिरण (दलदली हिरण) भी देखने को मिलते हैं। ठंड के दिनों में कई प्रवासी पक्षी भी इस उद्यान को अपना बसेरा बनाते हैं।

### बंदीपुर राष्ट्रीय उद्यान

दक्षिणी भारत के सभी उद्यानों में सबसे मशहूर है- बंदीपुर राष्ट्रीय उद्यान। यह हाथियों और दूसरे दुर्लभ जंतुओं के लिए प्राकृतिक उद्यान हैं। भारत के सबसे खूबसूरत उद्यानों में से एक हैं यह उद्यान। मैसूर से 80 किलोमीटर और बंगलुरू से 215 किलोमीटर दूर यह उद्यान बेहतरीन पर्यटक स्थल हैं।

### बंधवगढ़ राष्ट्रीय उद्यान

यह उद्यान भारत के मनमोहक उद्यानों में शामिल हैं। मध्य प्रदेश के उमरिया जिला स्थित यह उद्यान मध्य प्रदेश के सबसे बड़े उद्यानों में से एक हैं। 1968 में बाघों की घटती संख्या के कारण यह उद्यान बनवाया गया। यहां बाघ के अलावा चीता और हिरण भी पर्यटकों को आकर्षित करते हैं। यह सबसे ज्यादा सफेद बाघ हैं, जो पर्यटकों के आकर्षण का केंद्र हैं।

### कान्हा राष्ट्रीय उद्यान

मध्य प्रदेश में ही 1955 में बना कान्हा उद्यान पर्यटकों के लिए यहां आकर्षण का केंद्र हैं। इस पार्क में विलुप्त हो रहे बारहसिंगा को बचाने के लिए प्रयास किए जाते हैं। यह उद्यान एशिया में सबसे बेहतर स्थिति वाले उद्यानों में शामिल हैं। इस पार्क की सबसे खास बात है इसका सनसेट प्वाइंट।

### भरतपुर बर्ड सैंक्च्युरी

यह कियोलैडियो घना राष्ट्रीय उद्यान के नाम से प्रसिद्ध हैं। यह भारत का मनुष्य-निर्मित उद्यान हैं। यहां बड़ी संख्या में आविफॉयना गर्मियों के दौरान देखे जा सकते हैं। इस राष्ट्रीय उद्यान में अनोखे व दुर्लभ प्रवासी पक्षी देखे जा सकते हैं। राजस्थान के भरतपुर जिले में स्थित यह पार्क पक्षीविज्ञानियों और दूसरे प्राणियों के अध्ययन के लिए अच्छी जगह है।

### पेरियार राष्ट्रीय उद्यान

यह ऐसा राष्ट्रीय उद्यान हैं जहां जंगलों के बीच कृत्रिम झील देखी जा सकती हैं। पश्चिमी घाट के पहाड़ों पर बसा यह उद्यान बाघों के संरक्षण के लिए जाना जाता हैं। पेरियार झील में नौकायन करते वक्त पर्यटक कई प्राणियों को झील के किनारे अपनी प्यास बुझाते देख सकते हैं। हाथी, हिरण और लंगूर यहां के मुख्य आर्कषण है।

### पेंच राष्ट्रीय उद्यान

मध्य प्रदेश या यह उद्यान बच्चों के सपने सच में पूरा करता है। इस पार्क को मोगली की भूमि भी कहा जाता है। बच्चों की किताब द जंगल बुक यहां के आस-पास की प्राकृतिक जगहों पर ही आधारित हैं।

# आईपीएल की इन आठ टीमों के बीच होगी जंग

**मुम्बई।** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल 2020) का 13 वां सत्र 19 सितंबर से संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) में खेला जाएगा। देश में कोरोना महामारी के बढ़ते मामलों को देखते हुए भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने इस सबसे लोकप्रिय क्रिकेट लीग का आयोजन यूएई में रखा है। संक्रमण के खतरे को देखते हुए इस टूर्नामेंट में दर्शकों को प्रवेश की अनुमति नहीं रहेगी। ऐसे में इसके टीवी प्रसारण से भारी भरकम राजस्व मिलने की उम्मीद है। इस लीग में आठ टीमें खिताब जीतने के लिए उतरेंगी। शुरुआती मुकाबला 19 सितंबर को मौजूदा चैम्पियन मुम्बई इंडियंस और पिछली उपविजेता चेन्नई सुपरकिंग्स (सीएसके) के बीच होगा। इसका फाइनल 10 नवंबर को खेला जाएगा।



### सभी आठ टीमें इस प्रकार हैं

**मुंबई इंडियंस:** रोहित शर्मा (कप्तान), अनमोलप्रीत सिंह, अनुकूल रॉय, धवल कुलकर्णी, हार्दिक पंड्या, इशान किशन (विकेटकीपर), जसप्रीत बुमराह, जयंत यादव, कायरन पोलार्ड, क्रुणाल पंड्या, लसिथ मलिंगा, मिचेल मैक्लेनेघन, क्विंटन डी कॉक, राहुल चाहर, शेरफाने रुदरफोर्ड, सूर्यकुमार यादव, ट्रेंट बोल्ट, सौरभ तिवारी, दिग्विजय देशमुख, प्रिंस बलवंत राय सिंह, आदित्य तरे (विकेटकीपर) और मोहसिन खान।

**चेन्नई सुपरकिंग्स:** महेन्द्र सिंह धोनी (कप्तान), केदार जाधव, रवींद्र जडेजा, पीयूष चावला, ड्वेन ब्रावो, कर्ण शर्मा, शेन वॉटसन, शार्दुल ठाकुर, अंबाती रायडू, हरभजन सिंह, मुहली विजय, फाफ डुप्लेसी, इमरान ताहिर, दीपक चाहर, लुंगी एन्गिडी, मिचेल सैंटनर, केएम आसिफ, नारायण जगदीशन, मोनू कुमार, ऋतुराज गायकवाड़ और आर साईं किशोर।

**राजस्थान रॉयल्स:** स्टीव स्मिथ (कप्तान), संजू सैमसन, अंकित राजपूत, राहुल तेवतिया, रॉबिन उथप्पा, जयदेव उनादकट, वरुण एरॉन, यशस्वी जायसवाल, मयंक मार्कण्डेय, कार्तिक त्यागी, अनुज रावत, डेविड मिलर, ओशाने थॉमसन, शशांक सिंह, महिपाल लोमरोर, मनन वोहरा, रियान पराग, श्रेयस गोपाल, अनिरुद्ध जोशी और आकाश सिंह.

**किंग्स इलेवन पंजाब:** केएल राहुल (कप्तान और विकेटकीपर), शेलडन कॉटरेल, के. गौतम, करुण नायर, मोहम्मद शमी, निकोलस पूरन (विकेटकीपर), मुजीब उर रहमान, क्रिस गेल, रवि बिश्नोई, मनदीप सिंह, मयंक अग्रवाल, हार्डस विलजॉइन, प्रभसिमरन सिंह, दीपक हुड्डा, जिम्मी नीशम, दर्शन नालकंडे, सरफराज खान, अर्शदीप सिंह, हरप्रीत बरार, जगदीश सुचित, मुरुगन अश्विन, तजिंदर सिंह और इशान पोरेल।

**दिल्ली कैपिटल्स:** श्रेयस अय्यर (कप्तान), शिमरॉन हेटमायर, आर अश्विन, अजिंक्य रहाणे, शिखर धवन, अक्षर पटेल, कगिसो रबाडा, अमित मिश्रा, एनरिच नॉर्ट्जे, पृथ्वी शॉ, इशांत शर्मा, आवेश खान, कीमो पॉल, मोहित शर्मा, हर्षल पटेल, संदीप लामिछाने, तुषार देशपांडे, ऋषभ पंत (विकेटकीपर) और ललित यादव।

**कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर):** दिनेश कार्तिक (कप्तान और विकेटकीपर), आंद्रे रसेल, कमलेश नागरकोटी, कुलदीप यादव, लॉकी फर्गुसन, नीतीश राणा, प्रसिद्ध कृष्णा, रिंकू सिंह, संदीप वॉरियर, शिवम मावी, शुभमन गिल, सिद्धेश लाड, सुनील नरेन, वरुण चक्रवर्ती, राहुल त्रिपाठी, निखिल नाइक, प्रवीण तांबे और एम सिद्धार्थ।

**रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर (आरसीबी):** विराट कोहली (कप्तान), एबी डी विलियर्स, क्रिस मॉरिस, युजवेंद्र चहल, शिवम दुबे, उमेश यादव, वॉशिंगटन सुंदर, नवदीप सैनी, मोहम्मद सिराज, डेल स्टेन, पार्थिव पटेल (विकेटकीपर), पवन नेगी, गुरकीरत मान सिंह, इसरु उडाना, देवदत पड्डीकल, शाहबाज अहमद और पवन देशपांडे।

**सनराइजर्स हैदराबाद:** डेविड वॉर्नर (कप्तान), मनीष पांडे, राशिद खान, भुवनेश्वर कुमार, सिद्धार्थ कॉल, शाहबाज नदीम, विजय शंकर, केन विलियमसन, संदीप शर्मा, खलील अहमद, प्रियम गर्ग, विराट सिंह, ऋद्धिमान साहा (विकेटकीपर), मोहम्मद नबी, श्रीवत्स गोस्वामी (विकेटकीपर), बासिल थंपी, अभिषेक शर्मा, फाबियान एलेन, टी नटराजन, संदीप बावंका, संजय यादव और अब्दुल समद।

**कार्यक्रम:** आईपीएल 2020 का आगाज 19 सितंबर को होगा, वहीं फाइनल मैच 10 नवंबर को खेला जाएगा। पहला मुकाबला मुंबई इंडियंस और चेन्?नई सुपर किंग्?स के बीच खेला जाएगा। आईपीएल के दिन-रात्रि के मैच भारतीय समय के मुताबिक शाम 7.30 और दोपहर के मैच दोपहर 3.30 बजे शुरू होंगे। आईपीएल के सभी मैचों का आयोजन यूएई के तीन शहरों अबु धाबी, दुबई और शारजाह में होगा.

**इनामी राशि:** कोरोना वायरस के चलते आये आर्थिक संकट के कारण इनामी राशि कम की गई है। विजेता टीम को पहले 20 करोड़ रुपये मिलते थे पर अब ये रकम 50 फीसदी घटाकर 10 करोड़ कर दी गई है। वहीं उपविजेता को 6.25 करोड़ रुपये मिलेंगे. क्वालिफायर में हारने वाली टीमों को 4.3 करोड़ रुपये मिलेंगे।

# विराट और स्मिथ में हैं कई समानताएं : फिंच



**सिडनी।** ऑस्ट्रेलिया के सीमित ओवरों की क्रिकेट टीम के कप्तान आरोन फिंच ने टीम इंडिया के कप्तान विराट कोहली और ऑस्ट्रेड्डिलया के अनुभवी बल्लेबाज स्टीव स्मिथ की खूबियों के बारे में बताया है। फिंच का का मानना है कि विराट और स्मिथ में बहुत कुछ समानताएं है, ठीक उसी तरह जिस तरह सचिन तेंदुलकर और रिकी पोंटिंग में थीं। फिंच ने कहा, %%हर खिलाड़ी की कुछ खराब सीरीज होती हैं, पर अपवादस्वरूप ही आप कोहली और स्मिथ की लगातार दो खराब सीरीज देख पायें। इसी तरह पोंटिंग और सचिन की भी दो खराब सीरीज आपको नहीं मिलेंगी। उन्होंने कहा, भारत के लिए खेलना और कप्तान के रूप में खेलना दोनों के अपने दबाव हैं, पर इसके बाद भी विराट पिछले कुछ सालों से जिस तरह निरंतरता से प्रदर्शन कर रहे हैं, वह तारीफ के योग्य है।%%महेंद्र सिंह धोनी के बाद भारतीय क्रिकेट टीम की कप्तानी संभालने के बाद से ही विराट तीनों प्रारुपों में कप्तान हैं। फिंच ने कहा, %%धोनी से कप्तानी संभालने के बाद कोहली से बहुत ज्यादा उम्मीदें थी, सबसे अच्छी बात है कि कोहली इन अपेक्षाओं पर खरे उतरे। कोहली तीनों प्रारुपों में निरंतर अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं। यह उनकी सबसे बड़ी उपलब्धि है। वह टेस्ट, एकदिवसीय और टी-20 तीनों प्रारुपों में शानदार प्रदर्शन कर रहे हैं। यही बात उन्हें ऑल टाइम ग्रेट बनाती है।%%विराट ने तीनों प्रारुपों में 50 से ज्यादा के औसत से रन बनाये हैं। विराट और स्मिथ के बीच मैदान पर काफी प्रतिद्वंद्विता भी देखने को मिली है। वहीं, दूसरी तरफ स्मिथ को भी आधुनिक क्रिकेट के बेस्ट बल्लेबाजों में एक माना जाता है।

## सीआईसी बैठक में शामिल नहीं होंगे कुलकर्णी

**मुंबई।** मुंबई क्रिकेट संघ (एमसीए) की क्रिकेट सुधार समिति (सीआईसी) के सदस्य व पूर्व भारतीय तेज गेंदबाज राजू कुलकर्णी इस साल सीआईसी की किसी भी बैठक में शामिल नहीं होंगे। कुलकर्णी ने कहा कि उन्होंने यह फैसला स्वास्थ्य कारणों से लिया है क्योंकि डॉक्टरों ने उन्हें दिसंबर तक घर में ही रहने को कहा है। एमसीए ने हाल ही में पूर्व खिलाड़ी ओर सह-कोच लालचंद राजपूत के नेतृत्व में सीआईसी का गठन किया था जिसमें कुलकर्णी और समीर दिघे को भी शामिल थे। कुलकर्णी ने एमसीए को भेजे अपने एक संदेश में कहा कि चिकित्सकों ने कोविड-19 महामारी के इस समय में मुझे दिसंबर 2020 तक घर के अंदर ही सीमित रहने की सलाह दी है। मैं 2018 में गंभीर बीमारी से भी उबरा हूं। ऐसे में मैं दिसंबर 2020 तक सीआईसी की किसी भी बैठक में भाग नहीं ले पाउंगा।' उन्होंने कहा, ''मैं एमसीए से अनुरोध करूंगा कि जरुरत पड़ने पर मेरे स्थान पर किसी अन्य को शामिल किया जाये।'' एमसीए कोच और चयनकर्ताओं का फैसला करती है।

# सीएसके में रैना की वापसी आसान नहीं



नई दिल्ली। बल्लेबाज सुरेश रैना की चेन्?नई सुपर किंग्?स (सीएसके) में वापसी आसान नहीं है। रैना ने हाल ही में कहा था कि वह टीम में लौटने पर विचार कर रहे हैं। रैना आईपीएल के लिए संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) गये थे पर बीच में ही निजी कारणों से लौट गये थे। इसपर फ्रेंचाइजी के मालिक एन श्रीनिवासन का कहना था कि रैना कमरे से संतुष्ट नहीं थे। उनको लेकर कोई भी निर्णय कप्?तान और टीम प्रबंधन करेगा। वहीं रैना के लिए अब वापस लौटना इतना भी आसान नहीं होगा। इसके लिए टीम प्रबंधन को बीसीसीआई से अनुमति लेनी होगी। बोर्ड अभी भी उनके आईपीएल से नाम वापस लेने के स्पष्ट कारणों को नहीं जानता, इसलिए पहले रैना को अपना तर्कसंगत जवाब देना होगा। अगर बीसीसीआई उनके जवाब से संतुष्?ट होता है तो ही वह जा पाएंगे। इसके साथ ही बीसीसीआई को इसका मूल्?यांकन करना होगा कि रैना के भारत लौटने के पीछे वास्?तव में क्?या कारण थे। अगर यह उनके परिवार के बारे में हैं तो यह उनका निजी कारण है। वहीं यदि कप्तान महेन्द्र सिंह धोनी के साथ विवाद था तो यह सीएसके का आंतरिक मामला है। अगर रैना अवसाद के कारण वापस लौटे हैं तो यह एक मानसिक मामला है। अगर यह लगता है कि अवसाद के कारण हैं उन्होंने नाम वापस लिया है तो उन्हें नहीं भेजा जाएगा। कोई और कारण होगा तो बोर्ड उसपर भी विचार करेगा।

# स्टोइनिस को मिल सकता है फिनिशर बनने का अवसर : कमिंस

**साउथम्पटन।** ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट टीम के उपकप्तान पैट कमिंस ने कहा है कि ऑलराउंडर मार्कस स्टोइनिस को फिनिशर की भूमिका के लिए तैयार किया जा सकता है। ऐसे में उन्हें लंबे समय तक के लिए टीम में शामिल किया जा सकता है। इंग्लैंड के खिलाफ पहले टी20 मैच में स्टोइनिस ने 18 गेंद में नाबाद 23 बनाये थे पर वह टीम को जीत नहीं दिला पाये। स्टोइनिस ने बिग बैश लीग में शानदार बल्लेबाजी करते हुए मेलबर्न स्टार्स की ओर से 705 रन बनाये थे। कमिंस ने कहा,'' हमने इस बारे में बात की है। स्टोइनिस घरेलू स्पर्धाओं के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी हैं।''उन्होंने कहा,'' किसी भी क्रिकेट टीम में मध्यक्रम में बल्लेबाजी सबसे कठिन है। यही वजह है कि हमने इन्हें मौका देने का फैसला किया है।'' हम चाहते हैं कि वह भी



टीम इंडिया के पूर्व कप्तान महेन्द्र सिंह धोनी की तरह सर्वश्रेष्ठ फिनिशर बनें हालांकि हम जानते हैं कि यह इतना आसान नहीं है कयोंकि एकदम से कोई चमत्कार नहीं हो सकता पर हमें सभी खिलाड़ियों की भूमिका पता है और हमें उन पर भरोसा जताना होगा।'' कमिंस ने यह भी कहा कि कोरोना वायरस महामारी के कारण दर्शकों के बिना हो रहे मुकाबलों में प्रशंसकों की कमी सभी को खल रही है पर इससे खिलाड़ियों का प्रदर्शन प्रभावित नहीं होता।

## बैडमिंटन स्टार ज्वाला की सगाई

**मुम्बई।** महिला बैडमिंटन स्टार ज्वाला गुट्टा ने दक्षिण की फिल्मों के अभिनेता विष्णु विशाल से सगाई कर ली है। ज्वाला ने अपनी सगाई की तस्तीरें साझा कर प्रशंसकों को यह जानकारी दी। इस साल की शुरुआत में ही विष्णु और ज्वाला ने अपने रश्ति को जगजाहिर कर दयिा था। इसके बाद अक्सर ये जोड़ी साथ में नजर आती रही थी पर अब ज्वाला के जन्मदिन पर ही इन दोनों ने अपने रश्ति को सार्वजनिक किया है। ज्वाला ने सोशल मीडिया में कहा कि उनकी सगाई जन्मदिन समारोह में हुई थी। तमिल की कई सुपरहिट फिल्मों के सितारे रहे विष्णु विशाल ने अपने करियर की शुरुआत साल 2009 में की थी। विष्णु की शादी साल 2011 में रजनी नटराजन से हुई थी, पर बाद में दोनों ही अलग हो गए थे।

# बड़ा स्ट्रैटेजिक ऐलान कर सकती है वोडा-आइडिया

**मुंबई।** वोडाफोन-आइडिया सोमवार को बड़ा स्ट्रैटेजिक ऐलान कर सकती है। वोडाफोन आइडिया के बोर्ड ने 25000 करोड़ रुपए तक का फंड जुटाने को मंजूरी दे दी है। वोडाफोन-आइडिया ने शेयर बाजारों को दी गई सूचना में जानकारी दी है कि कंपनी 7 सितंबर को वर्चुअल प्रेस कांफ्रेस के जरिए बड़ा स्ट्रैटेजिक ऐलान करेगी। बता दें कि वित्तीय संकट से जूझ रही वोडाफोन-आइडिया को अपना कामकाज चालू रखना भी मुश्किल हो रहा है।1 सितंबर को सुप्रीम कोर्ट ने टेलीकॉम कंपनियों के निर्देश दिए हैं कि वे एजीआर की बकाया रकम का किश्तों में भुगतान करें। कंपनी ने इसके भुगतान के लिए 15 साल का समय मांगा था। इसके लिए कंपनी ने दलील दी थी कि अगर उसको ये सुविधा नहीं मिलती है तो इसके लिए टेलीकॉम सेक्टर में लगातार बढ़ते प्रतिस्पर्धा के चलते टिके रहने में मुश्किल हो जाएगी। सुप्रीम कोर्ट ने एजीआर मामले पर सुनवाई करते हुए एजीआर ्बकाए के भुगतान के लिए दूरसंचार कंपनियों को 10 साल का समय दिया था। टेलीकॉम कंपनियों पर कुल बकाया राशि 1.4 लाख करोड़ रुपए है। अब कंपनियों को 31 मार्च 2021 तक 10 फीसदी एजीआर बकाए का भुगतान करना है। कोर्ट से मिले 10 साल के समयावधि में एजीआर की रकम को किस्तों में जमा करना है।

## हीरो मेस्ट्रो एग 110 भारत में लॉन्च करने की तैयारी

**नई दिल्ली।** दोपहिया वाहन बनाने वाली कंपनी हीरो मोटोकार्प अपनी बीएस6 कंप्लायंट इंजन वाला हीरो मेस्ट्रो एग 110 भारत में लॉन्च करने की तैयारी कर रहा है। कंपनी ने इस स्कूटर के लिए टेस्ट राइडिंग के लिए रजिस्ट्रेशन भी शुरू कर दिए हैं। कंपनी ने अपनी ऑफिशल वेबसाइट पर यह स्कूटर लिस्ट भी कर दिया है। लिस्टिंग में इस स्कूटर के कई फीचर्स लॉन्च से पहले सामने आ गए हैं। कंपनी इस स्कूटर को 6 कलर ऑप्शन के साथ भारतीय बाजार में उतारेगी। इसके अलावा स्कूटर में नए ग्राफिक्स के साथ 110सीसी सिंगल सिलिंडर इंजन दिया जाएगा। यह स्कूटर स्पोर्टी लुक के साथ लॉन्च किया जाएगा।जैसा कि पहले आपको बताया हीरो का यह स्कूटर स्पोर्टी लुक के साथ आने वाला है। स्कूटर में इंडिकेटर माउंटेड फ्रंट एप्रन, ऑलवेज ऑन हैलोजन हेडलाइट, फ्लैट टाइप सीट और अलॉय वील्ज दिए जाएंगे।

# इकॉनमी की स्थिति और बदतर हो सकती है, सरकार को राहत देना चा?हिए: राजन

नई दिल्ली (ईएमस)। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के पूर्व गवर्नर रघुराम राजन ने कहा है ?कि देश की जीडीपी के आंकड़ों से सभी को अलर्ट हो जाना चाहिए। राजन ने अपने लिंक्डइन पेज पर एक पोस्ट में लिखा कि जब इनफॉर्मल सेक्टर के आंकड़े जोड़े जाएंगे तो इकॉनमी में 23.9 फीसदी की गिरावट और बदतर हो सकती है। उन्होंने कहा कि भारतीय अर्थव्यवस्था को अमेरिका और इटली से भी ज्यादा नुकसान हुआ है। ये दोनों देश कोरोना वायरस महामारी से सबसे ज्यादा प्रभावित रहे। जन ने कहा कि जब तक वायरस पर काबू नहीं पाया जाता है तब तक भारत में विवेकाधीन खर्च की स्थिति कमजोर बनी रहेगी।



सरकार ने अब तक जो राहत दी है, वह नाकाफी है। सरकार भविष्य में प्रोत्साहन पैकेज देने के लिए आज संसाधनों को बचाने की रणनीति पर चल रही है जो आत्मघाती है। सरकारी अधिकारी सोच रहे हैं कि वायरस पर काबू पाए जाने के बाद राहत पैकेज देंगे, वे स्थिति की गंभीरता को कमतर आंक रहे हैं। तब तक इकॉनमी को बहुत नुकसान हो जाएगा।अगर आप इकॉनमी को एक मरीज की तरह देखें तो उसे लगातार इलाज की जरूरत है। राहत के बिना लोग खाना छोड़ देंगे, वे बच्चों को स्कूल से निकाल देंगे और उन्हें काम करने या भीख मांगने के लिए भेज देंगे, कर्ज लेने के लिए अपना सोना गिरवी रख देंगे, ईएमआई और मकान का किराया बढ़ता जाएगा। इसी तरह राहत के अभाव में छोटी और मझोली कंपनियां अपने कर्मचारियों को वेतन नहीं दे पाएंगी, उनका कर्ज बढ़ता जाएगा और आ?खिर में वे बंद हो जाएंगी। इस तरह जब तक वायरस पर काबू होगा, तब तक इकॉनमी बर्बाद हो जाएगी।

कोविड-19 के संक्रमण की रोकथाम में निजी चिकित्सालय अपनी महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वहन करें

# संभाग आयुक्त एवं कलेक्टर ने निजी चिकित्सा संस्थाओं के संचालकों से की चर्चा, एक सप्ताह में 500 बैड बढ़ाए जायेंगे

**ग्वालियर ।** कोविड-19 के संक्रमण की रोकथाम में निजी क्षेत्र के अस्पताल भी अपनी महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वहन करें। संक्रमण की रोकथाम के लिये शासकीय प्रयासों के साथ-साथ निजी चिकित्सा संस्थाओं और चिकित्सकों की महती भूमिका है। संभागीय आयुक्त श्री एम बी ओझा एवं कलेक्टर श्री कौशलेन्द्र विक्रम सिंह ने शहर के निजी चिकित्सालयों के संचालकों और चिकित्सकों से चर्चा कर कोविड-19 में अपनी सक्रिय भागीदारी के संबंध में चर्चा करते हुए यह बात कही। मोतीमहल के मानसभागार में निजी चिकित्सा संस्थाओं के संचालकों से चर्चा के दौरान संभाग आयुक्त श्री एम बी ओझा ने कहा कि ग्वालियर में निजी चिकित्सालय कोविड संक्रमण की रोकथाम में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। संक्रमण की स्थिति को देखते हुए निजी चिकित्सालयों में अधिक मरीजों के उपचार की



आवश्यकता भी पड़ रही है। शहर के निजी चिकित्सक अपने-अपने संस्थानों में बैड की संख्या बढ़ाएँ। इसके साथ ही आईसीयू और ऑक्सीजन सहित बैड की संख्या को शीघ्र बढ़ाकर सहयोग प्रदान करें। निजी चिकित्सा संस्थाओं के चिकित्सकों एवं संचालकों ने आगामी 7 दिनों में लगभग 500 बैड की क्षमता बढ़ाने जिसमें 100 बैड आईसीयू में बढ़ाने का आश्वासन दिया। संभाग आयुक्त श्री ओझा ने यह भी कहा कि निजी चिकित्सालय अपने अस्पतालों के साथ-साथ आस-पास के होटलों के कमरों को भी उपयोग में लाएँ। इससे अधिक से अधिक मरीजों को बेहतर उपचार की सुविधाएँ उपलब्ध हो सकेंगीं। संभाग आयुक्त श्री ओझा ने यह भी आश्वस्त किया कि निजी चिकित्सा संस्थाओं को जिला प्रशासन की ओर से हर संभव सहयोग प्राप्त होता रहेगा। उनकी समस्याओं के निदान हेतु भी प्रशासन पूरी गंभीरता के साथ कार्य करेगा। कोविड-19 के संक्रमण के इस दौर में पीड़ित को त्वरित उपचार उपलब्ध कराना शासन का सर्वप्रथम दायित्व है। शासन के इस दायित्व में निजी चिकित्सकों का भी योगदान अति आवश्यक है। कलेक्टर श्री कौशलेन्द्र विक्रम सिंह ने भी निजी चिकित्सालयों से बैड बढ़ाने का आग्रह किया। इसके साथ ही उन्होंने सुपर स्पेशियलिटी एवं जिला चिकित्सालय में एक हैल्पडेस्क तत्काल प्रारंभ करने के निर्देश दिए। इस हैल्पडेस्क के माध्यम से कोविड-19 के साथ-साथ अन्य बीमारियों के मरीजों को भी तत्काल आवश्यक जानकारी व मेडीकल सुविधा के संबंध में उचित मार्गदर्शन प्रदान किया जायेगा। उन्होंने यह भी कहा कि किसी भी शासकीय अस्पताल में कोई मरीज आता है तो तत्काल उसे अटेण्ड कर उपचार प्रारंभ किया जाए। उपचार प्रारंभ करने के पश्चात चिकित्सक तय करें कि उन्हें किस अस्पताल और किस वार्ड में शिफ्ट किया जाना है। किसी भी स्थिति में मरीज को अस्पताल के बाहर रोका नहीं जाए। बैठक में सीईओ जिला पंचायत श्री शिवम वर्मा, अपर कलेक्टर श्री आशीष तिवारी, अधीक्षक जेएएच डॉ. धाकड़ सहित बिरला, अपोलो, ग्लोबल, कल्याण, सिम्स, परिवार एवं नवजीवन संस्थान के संचालक, समाजसेवी श्री भूपेन्द्र जैन, सीएमएचओ डॉ. व्ही के गुप्ता और विभागीय अधिकारी उपस्थित थे।

## मंडल रेल प्रबंधक ने किया ग्वालियर एवं शनीचरा का निरीक्षण

**ग्वालियर।** मंडल रेल प्रबंधक संदीप माथुर द्वारा आज ग्वालियर एवं शनीचरा का निरीक्षण किया गया द्व उन्होंने अपने दौरे में ग्वालियर से इटावा खंड पर शनीचरा पर निर्माण अधीन अतिरिक्त लूप लाइन का निरीक्षण किया तथा स्टेशनों से माल लदान हेतु संभावनाएं देखीं, तथा अन्य और बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने हेतु सम्बंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिये द्व माथुर ने शनीचरा पर बानमौर से निकट भविष्य में शिफ्ट होने वाली स्लीपर फैक्ट्री हेतु साईट का भी निरीक्षण किया मंडल रेल प्रबंधक द्वारा



ग्वालियर स्टेशन पर निरीक्षण के दौरान उपलब्ध करायी जा रही यात्री सुविधाओं तथा इन्फ्रास्ट्रक्चर सम्बंधित विकास कार्यों का भी जायजा लिया द्व उन्होंने ग्वालियर स्टेशन पर संस्थापित लगेज सैनीटाईजर के निकट वैकल्पिक सुविधा का बोर्ड लगाने हेतु आदेश दिए, जिससे यात्रियों को अवगत हो सके की उक्त सुविधा अनिवार्य नहीं, वैकल्पिक है द्व इसके अतिरिक्त माथुर द्वारा प्लेटफार्म क्रमांक 03 के विस्तारीकरण के साथ–साथ प्लेटफार्म क्रमांक 03 व 04 पर निर्माणाधीन वाशिंग पिट लाइन का के निर्माण कार्य को देखा द्व उन्होंने स्टेशन के सर्कुलेटिंग क्षेत्र के सौदर्यीकरण हेतु दिशा निर्देशित किया द्व निरीक्षण के दौरान मंडल रेल प्रबन्धीक के साथ वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक नवीन दीक्षित, सहित आदि अधिकारीगण एवं पर्यवेक्षक उपस्थित रहे।

## मकान में आग लगी गृहस्थी का सामान जला

**ग्वालियर।** शहर के सिकंदर कंपू क्षेत्र में एक मकान में शॉर्ट सर्किट से आग लगने से वहां रखा गृहस्थी का सामान जलकर राख हो गया! मौके पर पहुंची दमकल ने किसी तरह आग पर काबू पा लिया! जानकारी के अनुसार सिकंदर कंपू क्षेत्र में रहने वाले राकेश कुमार के यहां आज सुबह शार्ट सर्किट से मकान में आग लग गई घटना की सूचना मिलते ही दमकल मौके पर आ गई और मकान में लगी आग पर पानी डालकर काबू पाया इस घटना में आधा लाख का नुकसान होने का अनुमान है!

## सर्पदंश से वृद्ध की मौत

**ग्वालियर।** जिले के करहिया थाना क्षेत्र के ग्राम रिछारीकला में खेत पर काम कर रहे वृद्ध को सांप ने डंस लिया। सूचना मिलने पर परिजन खेत पर पहुंचे और बाइक पर बैठाकर इलाज के लिए सामुदायिक अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने पंचनाम बनाकर मर्ग कायम कर लिया है। जानकारी के अनुसार, 57 वर्षीय रामकिशन पुत्र अर्जुन सिंह कुशवाह निवासी ग्राम रिछारीकला रविवार की शाम धान के खेत पर पानी लगा रहे थे।

## पशु चिकित्सा विभाग गौ अभ्यारण्य का प्रस्ताव तैयार कर शासन को भेजे

**ग्वालियर।** निराश्रित गौवंश को संरक्षित करने के लिये ग्वालियर जिले में गौ अभ्यारण्य की महती आवश्यकता है। नगर निगम ग्वालियर द्वारा लाल टिपारा पर संचालित की जा रही गौशाला में 7 हजार से अधिक निराश्रित गौवंश को रखा गया है। इतनी बड़ी संख्या में गौवंश की देखभाल में परेशानियां सामने आती हैं। ग्वालियर जिले में एक गौ अभ्यारण्य बने, इसका प्रस्ताव संयुक्त संचालक पशु चिकित्सा विभाग तैयार करे। संभागीय आयुक्त श्री एम बी ओझा ने सोमवार को ग्वालियर जिले में संचालित गौशालाओं और गौ संरक्षण के संबंध में एक बैठक में यह बात कही। बैठक में कलेक्टर श्री कौशलेन्द्र विक्रम सिंह, नगर निगम आयुक्त श्री संदीप माकिन, सीईओ जिला पंचायत श्री शिवम वर्मा, सीईओ स्मार्ट सिटी श्रीमती जयति सिंह, अपर कलेक्टर श्री आशीष तिवारी, अपर आयुक्त नगर निगम श्री नरोत्तम भार्गव, विशेष क्षेत्र विकास प्राधिकरण के पूर्व अध्यक्ष श्री राकेश जादौन, गौशाला से जुड़े संतगण,



संभाग आयुक्त ने गौशाला के संबंध में अधिकारियों से की चर्चा

समाजसेवी श्री भूपेन्द्र जैन व विभागीय अधिकारी उपस्थित थे। संभागीय आयुक्त श्री ओझा ने कहा कि ग्वालियर शहर में नगर निगम द्वारा संचालित लाल टिपारा एवं मार्क हॉस्पिटल गौशाला में निराश्रित गौवंशों की संख्या दिन-प्रतिदिन बढ़ती जा रही है। इतनी बड़ी संख्या में गौवंश की देखरेख में कई प्रकार की कठिनाईयाँ आ रही है। शासन स्तर से गौशालाओं के संचालन में मिलने वाले आर्थिक सहयोग के पश्चात भी गौशालाओं के संचालन में नगर निगम को भी अपनी निधि से पैसा खर्च करना पड़ रहा है। ग्वालियर में एक गौ अभ्यारण्य की आवश्यकता लम्बे समय से महसूस की जा रही है। पशु चिकित्सा विभाग गौ अभ्यारण्य का प्रस्ताव तैयार कर शासन को भेजे। संभाग आयुक्त श्री ओझा ने कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान से भी गौ अभ्यारण्य की स्थापना के संबंध में चर्चा कर अभ्यारण्य की स्वीकृति के प्रयास किए जायेंगे। उन्होंने गौशालाओं के संचालन में सामाजिक संस्थाओं के साथ-साथ गणमान्य नागरिकों का सहयोग भी लेने पर जोर दिया।

## मंडल रेल प्रबंधक ने किया ग्वालियर एवं शनीचरा का निरीक्षण



**ग्वालियर।** मंडल रेल प्रबंधक संदीप माथुर द्वारा आज ग्वालियर एवं शनीचरा का निरीक्षण किया गया द्व उन्होंने अपने दौरे में ग्वालियर से इटावा खंड पर शनीचरा पर निर्माण अधीन अतिरिक्त लूप लाइन का निरीक्षण किया तथा स्टेशनों से माल लदान हेतु संभावनाएं देखीं, तथा अन्य और बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने हेतु सम्बंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिये द्व माथुर ने शनीचरा पर बानमौर से निकट भविष्य में शिफ्ट होने वाली स्लीपर फैक्ट्री हेतु साईट का भी निरीक्षण किया मंडल रेल प्रबंधक द्वारा ग्वालियर स्टेशन पर निरीक्षण के दौरान उपलब्ध करायी जा रही यात्री सुविधाओं तथा इन्फ्रास्ट्रक्चर सम्बंधित विकास कार्यों का भी जायजा लिया द्व उन्होंने ग्वालियर स्टेशन पर संस्थापित लगेज सैनीटाईजर के निकट वैकल्पिक सुविधा का बोर्ड लगाने हेतु आदेश दिए, जिससे यात्रियों को अवगत हो सके की उक्त सुविधा अनिवार्य नहीं, वैकल्पिक है द्व इसके अतिरिक्त माथुर द्वारा प्लेटफार्म क्रमांक 03 के विस्तारीकरण के साथ–साथ प्लेटफार्म क्रमांक 03 व 04 पर निर्माणाधीन वाशिंग पिट लाइन का के निर्माण कार्य को देखा द्व उन्होंने स्टेशन के सर्कुलेटिंग क्षेत्र के सौदर्यीकरण हेतु दिशा निर्देशित किया द्व निरीक्षण के दौरान मंडल रेल प्रबन्धीक के साथ वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक नवीन दीक्षित, सहित आदि अधिकारीगण एवं पर्यवेक्षक उपस्थित रहे।

खुशियों की दास्तांः आयुष्मान भारत योजना में सोनू का सफल किडनी ट्रांसप्लांट

## ऊर्जा मंत्री तोमर ने अस्पताल पहुँचकर चिकित्सक का किया सम्मान

**ग्वालियर।** पीड़ित व्यक्ति का उपचार करने वाले चिकित्सक को भगवान का दर्जा दिया गया है। ऊपर भगवान और नीचे डॉक्टर यह कहावत भी आम है। किसी की जान बचाना डॉक्टर का धर्म और उसका कर्तव्य भी है। प्रदेश के ऊर्जा मंत्री श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने 28 वर्षीय राहुल निवासी लहार का सफलतापूर्वक किडनी का ट्रांसप्लांट करने पर चिकित्सक डॉ. सोनू पाटिल का सम्मान किया। मंत्री श्री तोमर ने श्रृद्धापूर्वक डॉक्टर के पैर भी छुए। भिण्ड जिले के लहार निवासी 28 वर्षीय श्री राहुल की किडनी खराब होने पर आयुष्मान भारत योजना के तहत सिम्स हॉस्पिटल में भर्ती किया गया। हॉस्पिटल के चिकित्सक डॉ. सोनू पाटिल एवं उनकी पूरी टीम ने किडनी का सफलतापूर्वक ट्रांसप्लांट किया और सोनू को एक नई जिंदगी दी। सोनू और



उसका परिवार तो अंतरआत्मा से चिकित्सकों के प्रति आभारी है ही। प्रदेश के ऊर्जा मंत्री श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर को जब ज्ञात हुआ कि सिम्स हॉस्पिटल कोविड सेंटर के रूप में अपनी सराहनीय सेवाएँ दे रहा है वहीं आयुष्मान भारत योजना के तहत राहुल का सफलतापूर्वक किडनी ट्रांसप्लांट भी किया गया है। उन्होंने राहुल के स्वास्थ्य की जानकारी ली और उनके परिवार से भी चर्चा की। मंत्री श्री तोमर ने हॉस्पिटल के डॉ. सोनू पाटिल एवं उनकी पूरी टीम को बुलाकर धन्यवाद ज्ञापित किया। इसके साथ ही चिकित्सक के पैर छूकर भी गरीबों और जरूरतमंदों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाऐं देने के लिये उनकी प्रशंसा भी की। मंत्री श्री तोमर ने देश के प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी एवं प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान को भी स्वास्थ्य के क्षेत्र में आयुष्मान भारत योजना के क्रियान्वयन के प्रति आभार ज्ञापित किया।

**मधु सोलापुरकर**
**सहायक संचालक, ग्वालियर**

छोटा विज्ञापन बड़ा लाभ

पुष्पांजली टुडे

क्लासिफाइड में अगले दिन प्रकाशित होने वाले विज्ञापन की बुकिंग सुबह 10 बजे से सांय 6 बजे तक

डिस्प्ले क्लासिफाइड 25/ रु Sq.Cm.
( Min. size 5×9 )
कोर्ट नोटिस / आम सूचना साइज
12×5 - 2000 रु

नि:शुल्क
बच्चों के बर्थडे एवं शादी की सालगिरह श्रंद्धाजलि शोक संदेश उठावनी

संपर्क सूत्र : 8269307478,7999246560

प्रतिभा हम निखारेंगे

अगर आपके अंदर है कोई जज्बा तो उभर कर आइये आगे आपकी लिखी हुई कहानी लेख कविताओं को हम देंगे जगह, आपके अंदर की प्रतिभाओं को हम उभरेंगे। तो देर किस बात की अभी हमे भेंजे अपनी कविता,लेख,कहानी,या फिर देख की आर्थिक स्थिति या फिर स्वच्छता के ऊपर अपने विचार आप हमें व्हाट्सएप या मेल कर सकते है।

*हमारा उद्देश्य - भारत को में छिपी प्रतिभाओं को बाहर निकलना।*

पुष्पांजली टुडे
E-mail - pushpanjalitoday@gmail.com
Whatsapp :- 8269307478,7999246560,9691270207

नोट : मेल करते समय ध्यान रखे भेजने वाला व्यक्ति अपनी फोटो और नाम/पता/व्हाट्सएप अवश्य भेंजे

BUNDELA DANCE ACADEMY & TRAINING CENTER
DANCE CATEGORY
BOLLYWOOD FOLK, WESTERN PUNJABI, ETC.
HEMANT SIR (HERRY)
DIRECTOR & CHOREOGRAPHER
EVENTS-
ANNUAL FUNCTION LADIES SANGEET & MORE EVENTS.
Bundeladanceacademy21@gmail.com
+91 76102 59356, 88785 58898
TANSEN NAGAR, NEAR RELIANCE TOWER, HAZIRA GWALIOR

स्वात्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक, एवं संपादक-भरत सिंह चौहान। पुष्पांजली प्रिंटर्स-गोवर्धन कॉलोनी, भिण्ड रोड, गोला का मंदिर, जिला ग्वालियर (म.प्र.) से मुद्रित एवं दीपू इलेक्ट्रोनिक्स, पंजीयन क्रमांक/ एम.पी.एच.आई.एन. /31130 नियर हनुमान मंदिर, गोवर्धन कॉलोनी, भिण्ड रोड, गोला का मंदिर, ग्वालियर (म.प्र.) से प्रकाशित। सम्पादक - भरत सिंह चौहान E-mail : pushpanjalitoday17@gmail.com 0751-4901333, M.: 8269307478